## एक नजर

### दुष्कर्म के मामले में पांच आरोपी नामजद

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर दुष्कर्म के मामले में आरोपी समझौते का दबाव बना रहे थे। महिला का आरोप है कि मामले में पुलिस भी नहीं सुन रही थी। उसने न्यायालय की शरण ली। अब पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दुष्कर्म पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि आरोपी पक्ष उसके परिजनों पर दबाव बना रहे हैं। महिला ने पुलिस को बताया है कि आरोपी पूर्व के मुकदमे में फैसला कर लेने दबाव बना रहा है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फैजान, जीशान, आशिफ, रिजवान, मेहंदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### चीन के कैंटन में चल रहे फेयर का समापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चीन के कैंटन में 23 अप्रैल से चल रहा फेयर शनिवार को सम्पन्न हो गया। इसमें मुरादाबाद के कई निर्यातकों ने विजिटर के तौर पर शामिल होकर बिजनेस ट्रेंड देखा। कैंटन में लगे फेयर के बारे में महानगर के बीएंडए इंटरनेशनल एक्सपोर्ट फर्म के संचालक नावेद खान ने बताया कि कैंटन सिटी का फेयर उम्मीदों के साथ समाप्त हुआ है। इसमें मुरादाबाद के कम लोग शामिल हुए थे। कहा कि अन्य फेयर के लिए हम सभी निर्यातकों को अच्छी तैयारी करनी होगी। जिससे हमें अच्छे ऑर्डर भी मिल सकें।

### लंदन में चमकेगी पद्मश्री दिलशाद हुसैन की नक्काशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पद्मश्री से नवाजे गए शिल्पगुरु दिलशाद हुसैन की नक्काशी लंदन में चमकेगी। इसके लिए उनसे लस्सी के गिलास पर नक्काशी करने के लिए कहा गया है। शिल्पगुरु दिलशाद हुसैन ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पास लंदन से विदेशी ग्राहक का फोन आया। फोन करने वाले विदेशी ग्राहक ने दिलशाद हुसैन से कहा कि मुझे पीतल से बने लस्सी के गिलास पर ऐसी नक्काशी चाहिए जैसी आपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिए मटके पर की थी। वही नक्काशी लस्सी के गिलास पर चाहिए। जिसके बाद दिलशाद हुसैन ने पीतल से बने गिलास पर वही नक्काशी कर लंदन भेजी है।

### सात मई को मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभल लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाली जिले की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि सात मई मंगलवार को सम्भल में मतदान है। इसके लिए सात मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### खेत-खलिहानों में शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की घटनाएं अधिक, कई स्थानों पर किसानों के सामूहिक प्रयास से जलने से बच पाईं फसलें

# दो महीने में 103 अग्निकांडों में 23 किसानों की 150 बीघा गेहूं की फसल हुई राख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इन दिनों तेज धूप है और सुबह से ही लू के थपेड़े शुरू हो जा रहे हैं। ऐसे में खेतों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। खेतों में गेहूं व अन्य फसलों की कटाई का काम भी जोरों पर है। गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। किसानों को फसल की कटाई-मड़ाई के दौरान सतर्क रहना होगा। फसल के आसपास मौजूद कोई भी व्यक्ति बीड़ी-सिगरेट का सेवन न करे। खेत से होकर निकले बिजली के तारों में स्पॉर्किंग से भी आग की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन दिनों आमजन को आग की घटना के संबंध में सतर्क रहने की जरूरत है। मार्च-अप्रैल के आंकड़ों पर गौर करें तो जिले में 103 अग्निकांड हो गए हैं। इसमें 23 किसानों की कुल 150 बीघे गेहूं की फसल राख हो गई। कहीं खेत से होकर गुजरी हाईटेंशन बिजली लाइन में स्पॉर्किंग से फसल में आग लगने की बात सामने आई तो कहीं बीड़ी पीने से आग लगने का कारण बताया गया है।



अग्निशमन कार्यालय के बाहर खड़े वाहन। ● अमृत विचार

**9 अप्रैल :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के तीन किसानों की कुल 12 बीघे गेहूं की फसल राख हो गई। साहूनगला के हाजी जिलेहसन की छह बीघा, ककरघटा के हाजी शाहिद की तीन बीघे और इसी गांव के ताहिर की भी तीन बीघे फसल जलकर राख हो गई थी। हाजी जिलेहसन ने बताया कि फसल जलने की सूचना उन्होंने लेखपाल को दी थी, पर उन्हें अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला है। हाजी शाहिद और ताहिर ने बताया कि उनकी फसल के जलने से बच्चों के स्कूल की फीस भी नहीं जमा हो पाई है।

**14 अप्रैल :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव मलपुरा लक्ष्मीपुर में रविवार सुबह 10 बजे आग लगने से 12 किसानों की करीब 40 बीघा गेहूं की फसल राख हो गई। आग की लपटें देख ग्रामीण खेतों की और दौड़े और दो घंटे बाद आग पर काबू पाया। रविवार को हुई बारिश से भी आग बुझाने में किसानों को मदद मिली। इसमें बलजीत सिंह की पांच, हरभजन कौर की चार, कुलबीर सिंह की तीन, सुखविंदर कौर की तीन, राकेश कुमार की पांच, मुकेश कुमार की पांच, संजीव कुमार की चार, सीताबाई की चार, कविता की चार बीघा और जीतो बाई की चार बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये आंकी गई है।

**18 अप्रैल :** कुंदरकी क्षेत्र के गांव मिलक गुरेर के रईस व उनके भाई रेहान की 17 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इनके खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इन किसानों का आरोप था कि बिजली के तार जर्जर और ढीलें हैं, आए दिन इनमें स्पॉर्किंग होती थी। चिंगारी से लगी आग से उनकी फसल जल गई।

### बिजली लाइन से दूर बनाएं खलिहान : सीएफओ



मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) कृष्ण कांत ओझा का कहना है कि गर्मी में हवाएं शुष्क और तेज हैं। इसलिए बेहतर होगा कि खलिहानों को बिजली के तारों के नीचे न रखें। जब फसल की मड़ाई करें तो वहां पानी की व्यवस्था रखें। खलिहान में आग लग भी जाती है तो उसे झाड़-झंखाड़ से पीटकर या बालू डालकर बुझाएं। तुरंत अग्निशमन सेवा केंद्र पर खबर दें। शॉर्ट-सर्किट से लगने वाली आग के संबंध में बताया, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में फॉयर सेफ्टी ऑडिट जरूरी है। अग्निशमन के उपकरण लगे हों। उन्होंने कहा, शॉर्ट-सर्किट से लगने वाली आग से बचाव के लिए बिजली विभाग से ऑडिट जरूरी है।

**पिछले तीन वर्षों में हुए अग्निकांड**

| वर्ष | घटनाएं | जनहानि | बचाए गए लोग |
|---|---|---|---|
| 2021 | 484 | 02 | 112 |
| 2022 | 414 | 07 | 07 |
| 2023 | 352 | 00 | 00 |
| 26 अप्रैल 2024 तक | 103 | 00 | 00 |

आग लगने पर मदद के लिए करें कॉल

टोल फ्री नंबर : 101, कंट्रोल रूम : 9454418529

> जिन किसानों की फसलें जली हैं वे गल्ला मंडी समिति के कार्यालय से फार्म प्राप्त कर उसे भरकर वहीं जमा कर दें। इसकी जांच के बाद लाभार्थी किसानों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा।
>
> –गुलाब चंद्र, एडीएम-प्रशासन

### पेड़ के ठूंठ जला रहे थे, 10 बीघा का भूसा हुआ राख

भोजपुर थाना क्षेत्र के बहेड़ी ब्रम्हनान गांव के शिव अवतार शर्मा के खेत में भूसे में आग लग गई। आग फैलते देख इनके चाचा कुलदीप ने अग्निशमन केंद्र के कंट्रोल में फोन कर मदद मांगी। लेकिन, मदद पहुंचने से पहले एकजुट किसानों ने आग पर काबू पा लिया था। लेकिन, फिर भी करीब 10 बीघे खेत का भूसा राख हो गया। शिव अवतार ने बताया कि पड़ोसी ने कटे पेड़ के ठूंठ जलाए थे, उसी की चिंगारी से उनका भूसा जल गया। कई किसानों ने हिम्मत दिखाकर आग पर काबू पा लिया, नहीं तो फसलें भी जल जातीं।

# 9 घंटे देरी से पहुंची गंगा सतलुज एक्सप्रेस

## किसान आंदोलन के कारण देरी से चल रहीं पंजाब रूट की ट्रेनें, गर्मी में यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** किसान आंदोलन के चलते कई ट्रेनों का समय बिगड़ गया है। ट्रेनें लेट होने से गर्मी में यात्री परेशान हो रहे हैं। शनिवार को भी गंगा सतलुज एक्सप्रेस और जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस 12 घंटे की देरी से पहुंचीं। जिसके चलते यात्रियों को दुश्वारियां का सामना करना पड़ा।

अंबाला मंडल में लगभग 10 दिनों से किसान आंदोलन के कारण ट्रेनें काफी विलंबित हो गई हैं। जिसके चलते भीषण गर्मी के दौरान यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। रेलवे ने किसानों के आंदोलन के चलते पंजाब व जम्मू की ओर जाने वाली कई ट्रेनों का रूट बदल दिया है। जिसके चलते ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। ट्रेनों की देरी से परेशान यात्री अपने टिकट रद्द करा रहे हैं। शनिवार को रेलवे स्टेशन पर गर्मी के बीच यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान दिखे। गंगा सतलुज एक्सप्रेस, छपरा समर स्पेशल, हिमगिरी एक्सप्रेस, देहरादून समर एक्सप्रेस व जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें भी देरी से पहुंचीं।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 13307 | गंगा सतलुज एक्सप्रेस | नौ घंटे 50 मिनट |
| 05050 | छपरा समर स्पेशल | आठ घंटे 15 मिनट |
| 12331 | हिमगिरी एक्सप्रेस | चार घंटे 31 मिनट |
| 04311 | देहरादून समर स्पेशल | नौ घंटे पांच मिनट |
| 12238 | बेगमपुरा एक्सप्रेस | तीन घंटे 17 मिनट |
| 04003 | न्यू दिल्ली समर स्पेशल | पांच घंटे 32 मिनट |
| 14618 | जनसेवा एक्सप्रेस | तीन घंटे 58 मिनट |
| 12204 | सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस | छह घंटे 24 मिनट |
| 15654 | अमरनाथ एक्सप्रेस | नौ घंटे सात मिनट |
| 15097 | जम्मूतवी अमरनाथ | 12 घंटे 9 मिनट |

# अक्षय जल मशीन बुझा रही लोगों की प्यास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सार्वजनिक प्याऊ की दयनीय स्थिति के बीच महानगर में कई जगह स्थापित स्मार्ट सिटी के वाटर एटीएम सस्ता व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा रहा हैं। जिससे लोगों को सहूलियत मिल रही है।

महानगर में शीतल, सस्ता व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड की ओर से 2.91 करोड़ रुपये की लागत से सोलर आधारित अक्षय जल (वाटर एटीएम) 10 स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। इस मशीन के माध्यम से सामान्य और शीतल जल सिक्का डालकर या कार्ड के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। इस मशीन से मिलने वाला शुद्ध जल बाजार में मिलने वाले बोतलबंद पानी से सस्ता है। इसी क्रम में सदर तहसील परिसर में भी ठंडा शुद्ध पेयजल के लिए लगे अक्षय जल मशीन से गर्मी से राहत पाने के लिए तहसील में आने वाले फरियादी और कर्मचारी पानी लेते रहे। यहां तैनात आपरेटर रेनू ने बताया कि एक लीटर ठंडा पानी बोतल लाने पर चार रुपये में मिलता है। जबकि एक लीटर सामान्य जल के लिए दो रुपये देने पड़ते हैं।




सदर तहसील परिसर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ठंडे शुद्ध पेयजल के लिए लगी अक्षय जल मशीन से पानी लेती महिला। ● अमृत विचार

हालांकि इसके बाद भी तहसील में ठंडे पानी का कैन वाहन से निजी व्यक्तियों द्वारा पहुंचाया जा रहा है। इसके कर्मी ने बताया कि गर्मी में तहसील में प्रतिदिन 10-15 कैन पानी की आपूर्ति होती हैं। ठंडे पानी की एक कैन लेने पर 600 रुपये महीने का भुगतान करना पड़ता है। वहीं, स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से सिविल लाइंस, नगर निगम कार्यालय टाउनहाल आदि पर वाटर एटीएम लगाया गया है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में शीतल, शुद्ध व सस्ता पेयजल आसानी से मिल रहा है।

वहीं जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने नगर निगम प्रशासन को सार्वजनिक स्थानों पर भी प्याऊ की गिलास सहित सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया है। जिससे लोगों को पानी की कमी से परेशानी न हो।

**यह है तय कीमत**

| क्षमता | कीमत (रुपये में) |
|---|---|
| 250 मिलीलीटर | 1 रुपये |
| एक लीटर सामान्य पानी | 2 रुपये |
| एक लीटर ठंडा पानी | 4 रुपये |
| पांच लीटर सामान्य पानी | 8 रुपये |
| पांच लीटर ठंडा पानी | 12 रुपये |
| 20 लीटर ठंडा पानी | 25 रुपये |

# गेहूं खरीद में तेजी न लाने पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी प्रशासन (जिला खरीद अधिकारी) गुलाब चंद की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद को लेकर समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने गेहूं खरीद में अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी जताई। कहा कि दो दिनों में खरीद में तेजी न आने पर जिम्मेदार केंद्र प्रभारियों, खरीद एजेसियों के प्रबंधकों को दंडित किया जाएगा।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में 10,101.50 क्विंटल गेहूं की खरीद अब तक 1398 किसानों से हुई है। समीक्षा बैठक में सामने आया कि पीसीएफ मुरादाबाद के 14 केंद्रों, यूपीएसएस के चार केंद्रों, पीसीयू के एक, एनसीसीएफ के दो, नैफेड के एक सहित कुल 22 केंद्रों पर अब तक 200 क्विंटल से भी कम गेहूं की खरीद हुई है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने चेतावनी दी कि दो दिनों में यदि इनके केंद्र प्रभारियों द्वारा प्रति केंद्र 200 क्विंटल से कम खरीद की तो इनके खिलाफ कार्रवाई होगी। जिला प्रबंधक पीसीएफ, पीसीयू, एनसीसीएफ को चेतावनी दी कि यदि दो दिन में गेहूं खरीद में प्रगति नहीं सुधरी तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद के लिए अब तक 4387 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। इसमें 4360 किसानों के पंजीयन का सत्यापन किया जा चुका है। गेहूं का अवैध भंडारण रोकने के लिए हर दिन छापेमारी कर कार्रवाई कर रहे हैं। बैठक में जिला प्रबंधक पीसीएफ कृष्ण यादव, यूपीएसएस के जिला प्रबंधक अशोक चौधरी, एनसीसीएफ के जिला प्रबंधक व 200 क्विंटल प्रति दिन से कम खरीद वाले केंद्रों के प्रभारी आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद की समीक्षा करते अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी करें मतदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र मूंढापांडे में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी हुई। इसमें बीईओ ने सभी शिक्षकों को मतदान के लिए जनजागरूकता लाने के लिए आमजन को प्रेरित करने का आह्वान किया।

स्वीप के ब्लॉक के नोडल प्रभारी बीईओ मूंढापांडे राजेश कुमार ने कहा कि सात मई को लोकतंत्र के महापर्व में सभी मिलकर ब्लॉक के सभी बूथों पर अधिकतम मतदान कराने के लिए ग्रामवासियों को जागरूक करें। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को स्कूलों में पोलिंग बूथ पर मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए जिससे पोलिंग पार्टी व मतदाताओं को दिक्कत न हो। संगोष्ठी व रैली का संचालन शिक्षक डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने किया। इस मौके पर डॉ. सचिन शुक्ला, योगराज सिंह, अजयपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, लवकुश यादव, सतेंद्र सिंह, विनोद यादव, सौरभ यादव आदि रहे।



एमआईटी कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। ● अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव में प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स शनिवार को उत्कर्ष 2024 वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इसका आरंभ शाम सात बजे मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. आर के खांडल, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, संस्थान के चेयरमैन वाई पी गुप्ता एवं सभी ट्रिस्टयों ने किया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. आर के खांडल ने छात्र/छात्राओं से कहा कि सभी संस्थान को यूपी में सर्वोच्च स्थान दिलाने के लिये लगन और मेहनत से अध्ययन करें। संस्थान के चेयरमैन वाईपी गुप्ता ने अथितियों का आभार व्यक्त किया। संस्थान के निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के फाउंडर चेयरमैन सुधीर गुप्ता, टीएमयू के चांसलर सुरेश जैन, सचिव आदर्श अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, डॉ. विशेष गुप्ता, एमआईटी के निदेशक डॉ. रोहित गर्ग, डॉ. प्रोफेसर सुधांशु रंजन व और डॉ. एनके साहू, डॉ. अनिमेश अग्रवाल, डीन एकेडेमिक्स डॉ. क्षितिज सिंघल आदि उपस्थित रहे।

### प्याऊ शुरू न होने से नाराजगी

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर में अधिकतर प्याऊ खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। टेम्पो स्टेंड पर बना प्याऊ लंबे समय से खराब है। मोहल्ला सराय फारुख में मंदिर के निकट बने प्याऊ में न तो मोटर है और न ही टोटी लगी है। मोहल्ला तारा वाला कुंआ में बने प्याऊ की हालत भी दयनीय है। दरगाह सुलतान जी पर बने प्याऊ में भी टोटी नहीं है। नगर पंचायत कार्यालय के प्याऊ की हालत भी दयनीय है। जबकि नगर अध्यक्ष के मोहल्ला ढाप में तीन प्याऊ लगे हुए हैं और तीनों ही ठीक हैं। नगर के तस्लीम ने बताया कि शिकायत करने के बाद भी प्याऊ की सफाई नहीं हुई। गुलाम और शाहनवाज का कहना है कि जिन प्याऊ में पानी आता भी है उसके पानी में बदबू और कीड़े हैं।



अगवानपुर में खराब पड़ प्याऊ। ● अमृत विचार

# महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसके दो सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने यह मामला न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया है।

टीपीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र की महिला के मुताबिक, जयंतीपुर चौकी क्षेत्र निवासी रिजवान उर्फ सोनू उस पर बुरी नीयत रखता था। 13 दिसंबर 2023 की शाम करीब सात बजे वह घर में अकेली थी। उसी दौरान आरोपी रिवाजन उर्फ सोनू अपने साथी इमरान और फरमान को लेकर जबरन घर में घुस आया था। आरोपी ने घर में आते ही पीड़िता के साथ मारपीट शुरू कर दी थी और उसे कमरे में ले गया। आरोप है कि कमरे में रिजवान उर्फ सोनू ने दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों आरोपी घर से निकल गए थे। पीड़िता का कहना है कि उसने थाने से लेकर एसएसपी तक से शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय में अर्जी लगाई थी। जहां से एफआईआर के आदेश हुए हैं। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि न्यायालय के आदेश से महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी रिजवान उर्फ सोनू और उसके साथी इमरान व फरमान के खिलाफ मझोला थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्म, मारपीट, धमकी देने के आरोप हैं।

**देरी** | विभाग नहीं बना पाया है योजना के शत प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का कार्ड

# गोल्डन कार्ड का 20 फीसदी लाभार्थियों को इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत का लाभ जिले में 20 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि उनके पास अभी तक योजना के अन्तर्गत बनने वाला गोल्डन कार्ड नहीं है। विभाग के जिम्मेदारों की सुस्ती इन पात्र लाभार्थियों पर भारी पड़ रही है। यदि इनके पास कार्ड होता तो यह गंभीर बीमारियों का पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा पा सकते थे।

जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत के अन्तर्गत लक्षित 3,06,884 परिवारों के 13,62, 876 लाभार्थी हैं। इस योजना के अन्तर्गत पात्र कार्डधारकों को पांच लाख रुपये तक गंभीर बीमारियों के मुफ्त इलाज की सुविधा हर साल मिलती है। योजना के अन्तर्गत पैनल में शामिल जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी के अलावा निजी अस्पताल भी हैं। लेकिन इलाज तो दूर अब तक 10,95,463 लाभार्थियों का ही गोल्डन कार्ड बन पाया है। जो कि लक्ष्य का 80 प्रतिशत है। शेष 20 प्रतिशत लाभार्थियों का कार्ड विभाग की ओर से नहीं बन पाया है।

योजना के जिला समन्वयक डॉ. पीताम्बर सिंह का कहना है कि चुनाव के चलते कार्ड बनाने का विशेष अभियान इन दिनों नहीं चल रहा है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे फिर चलाया जाएगा। जिसमें लाभार्थियों का कार्ड प्राथमिकता पर बनवाकर योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि पैनल में शामिल अस्पतालों में योजना का लाभ देने में आनाकानी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करा रहे हैं।




● लोकसभा चुनाव के चलते आयुष्मान भारत योजना का गोल्डन कार्ड बनाने में आई सुस्ती

**योजना के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| लाभार्थी परिवारों की संख्या | 306884 |
| कुल लाभार्थियों की संख्या | 13,12, 878 |
| जिले में कुल गांवों की संख्या | 944 |
| बनाए गए गोल्डन कार्डों की संख्या | 10,95,463 |
| लाभार्थियों का प्रतिशत जिनके कार्ड बने | 80 .37 |

# वरिष्ठ सहायक की पत्नी ने घर में फंदे से लटककर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नलकूप कालोनी में वरिष्ठ सहायक की पत्नी ने शनिवार दोपहर घर में लटक कर जान दे दी। बताया जा रहा है कि महिला का पति से विवाद हुआ था। सूचना पर पहुंची सिविल लाइंस थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम में लटकने से मौत की पुष्टि हुई है।

नलकूप कालोनी निवासी रवि शर्मा नलकूप निर्माण विभाग में वरिष्ठ सहायक हैं। रवि की शादी 2012 में पूजा शर्मा (32) से हुई थी। इनके दो बेटे कुनाल और कुंज है। बताया जा रहा है कि शनिवार को रवि शर्मा ड्यूटी पर और दोनों बेटे स्कूल गए थे। दोपहर 12 बजे जब छोटा बेटा स्कूल से घर लौटा तो अंदर से दरवाजा बंद मिला। इसका पता चलते ही रवि शर्मा भी घर पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर, सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। पड़ोस के मकान से सीढ़ी लगाकर जब पुलिस ने घर के अंदर प्रवेश किया तो पूजा शर्मा का शव बरामदे में फंदे से लटका मिला। फॉरेंसिक टीम बुलाकर पुलिस ने जांच कराने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान बच्चों से पता चला है कि पूजा शर्मा का रवि शर्मा से झगड़ा होता रहता था। रवि शर्मा किसी महिला से फोन पर बात करता था। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा होता था। शुक्रवार को भी झगड़ा हुआ था। इससे पूजा शर्मा क्षुब्ध थी और आत्मघाती कदम उठा लिया।

## शहर में आज

- विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा एसएसके इंटर कॉलेज स्टेशन रोड से 2 :00 बजे ।
- श्रीमद्भागवत कथा वसुंधरा कॉलोनी, मंडी समिति के सामने दोपहर 3 :00 बजे।

## एक नजर

### हवन और भंडारे के साथ श्री बालाजी जन्मोत्सव सम्पन्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : श्री महाकालेश्वर बालाजी धाम ट्रस्ट की ओर से चल रहे श्री बालाजी जन्मोत्सव में शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत मंडल पूजन एवं हवन से हुई। इसमें 21 जोड़ों ने आहुतियां दीं। महायज्ञ में महामंडलेश्वर स्वामी संजय नंद गिरी महाराज, अनीता अग्रवाल, कमल आराधना, राजीव गुप्ता, छवी गुप्ता, विनोद राय नीलम, देव प्रिया, अमित निधि, नितिन अंजलि, बालवीर बलेश, सुनील सारिका, बंटी राणा, ज्योति राणा, संजीव राखी के साथ अनेक जोड़े महायज्ञ में शामिल हुए। इसके बाद भंडारा हुआ। इस दौरान शैलेंद्र प्रकाश, संजीव अग्रवाल, राजीव गुप्ता, डॉ. डीएस चौहान, हरिओम गुप्ता, सर्वेश पटेल, बंटी राणा, अनंत अग्रवाल, कमल अग्रवाल, मनु अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, देशराज ठाकुर, विशाल अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, आराधना अग्रवाल, छवि गुप्ता, आशा, इला, रूबी, मीनू, प्रिया, सारिका, कविता अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

### उरमू का युवा सम्मेलन दो मई को, समस्याओं पर होगा मंथन

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा दो मई को युवा सम्मेलन किया जाएगा। इस सम्मेलन में एनएफआईआर के महामंत्री डॉ. एम रघुवैय्या और उरमू के महामंत्री बीसी शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम मनोरंजन सदन में आयोजित होगा। जिसको लेकर यूनियन नेता तैयारी में जुटे हैं। सम्मेलन में पुरानी पेंशन योजना की बहाली समेत रेल कर्मियों की समस्याओं और हितों पर विस्तार से मंथन होगा। उरमू के मंडल महामंत्री शलभ सिंह का कहना है कि दो मई को रेल संगठन युवा सम्मेलन व विजय दिवस के रूप में मनाएगा। कार्यक्रम में एनएफआईआर के महामंत्री डॉ. एम रघुवैय्या और उरमू महामंत्री बीसी शर्मा भी शामिल होंगे। इनके अलावा मंडल भर से संगठन के अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी भी शामिल होंगे। मंडल महामंत्री के अनुसार सम्मेलन में मुख्य बिन्दु पुरानी पेंशन योजना की बहाली, इंजीनियरिंग में ट्रैकमैनों का कैडर का वेतनमान बढ़ाने, रेलवे में नई भर्ती शुरू कर निजीकरण व ठेकेदारी को बंद करने समेत तमाम बिंदुओं पर संगठन नेता कर्मचारियों से विस्तार से चर्चा करेंगे।



बिलारी क्षेत्र की 100 वर्ष से अधिक उम्र वाली महिला से वोट डलवाते मतदान कर्मी।

## संभल लोकसभा क्षेत्र की तीन शतायु मतदाताओं ने किया मतदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : संभल लोकसभा क्षेत्र के जिले की बिलारी विधानसभा क्षेत्र की निवासी तीन शतायु बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान कार्मिकों ने उनके घर जाकर डाक मत पत्र से मतदान कराया। मतदान कार्मिकों ने बिलारी विधानसभा क्षेत्र की मिठनपुर भल्लू उर्फ नागला की रहने वाली कटोरी देवी पत्नी लल्लू सिंह से डाक मत पत्र से मतदान कराया। इसी के साथ धनवती पति निरंजन सिंह और नन्ही देवी पति बशीर जो 100 वर्ष से अधिक की हैं उनसे भी मतदान कराया। संभल लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है।

## प्रशांत बने भारत विकास परिषद के अध्यक्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : दिल्ली रोड स्थित राही होटल के सभागार में भारत विकास परिषद (मैत्री शाखा) का अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और वन्दे मातरम से हुआ। मैत्री शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष और महामंत्री ने आगामी सत्र के लिए चुने नए पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें प्रशांत त्यागी अध्यक्ष, पीयूष गुप्ता महामंत्री, सागर गुप्ता कोषाध्यक्ष और रश्मि अग्रवाल को महिला संयोजिका चुना। प्रान्त के पदाधिकारियों ने नई कमेटी के पदाधिकारियों को अधिष्ठापन अधिकारी गौरव अग्रवाल की उपस्थिति में शपथ दिलाई। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रशांत त्यागी और महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कार्यक्रमों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारी अजय विश्नोई, निर्मल मेहता, आलोक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, माधव गुप्ता और सुनीता अग्रवाल ने भी विचार रखे।

### 10 मार्च को प्रधानमंत्री ने आजमगढ़ से किया था हवाई अड्डे का वर्चुअल लोकार्पण

# भदासना हवाई अड्डे को अब उड़ानों का है इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : मुरादाबाद के मूंढापांडे स्थित भदासना हवाई अड्डे से डेढ़ दशक बाद भी विमानों की उड़ान का इंतजार है। हालांकि, 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में ही मुरादाबाद के हवाई अड्डे का भी वर्चुअल लोकार्पण कर दिया था। करीब दो महीने होने को हैं लेकिन अब तक विमानों की नियमित उड़ान शुरू नहीं हो रही है। इसके लिए अभी कई महीने और राह देखने की बात कही जा रही है।

मूंढापांडे के भदासना स्थित हवाई अड्डे को प्रदेश के ग्रोथ इंजन की पहल बताया गया था। 157.65 एकड़ भूमि पर 28.93 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस हवाई अड्डे से पहले चरण में 19 सीटर विमानों की उड़ान होनी है। 10 मार्च को लोकार्पण कार्यक्रम के स्थानीय स्तर पर मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी व लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने भाषण में कहा था कि पहले चरण में प्रतिदिन 100 यात्रियों के आने की सुविधा मिलेगी। दूसरे चरण में 1600 यात्रियों का आवागमन प्रतिदिन हो सकेगा। उन्होंने लोकार्पण के दौरान कहा था कि अब मुरादाबाद के विकास के सपनों को उड़ान मिल गई है। लेकिन अभी तक यह महज दिवास्वप्न साबित हो रहा है। दो महीने होने को हैं लेकिन अभी तक विमानों की नियमित उड़ान शुरू नहीं हो पाई है। ऐसे में डेढ़ दशक बाद भी हवाई सेवा का काउंटडाउन शुरू नहीं हो पाया है। अभी कई महीने और लोगों को इसके लिए इंतजार करना होगा।




### अभी स्थापित नहीं हुआ है ईंधन स्टेशन

हवाई अड्डे से विमानों की उड़ान में मुख्य अड़चन अब तक ईंधन स्टेशन (फ्यूल स्टेशन) का स्थापित न हो पाना है।

### एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के है नियंत्रणाधीन

भदासना हवाई अड्डा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियंत्रणाधीन है। हवाई पट्टी को विकसित कर हवाई अड्डे का रूप व सुविधाएं प्रदान कर दी गई हैं। दिसंबर में उड़ान के लिए डीजीसीए से हरी झंडी मिलने के बाद विमान सेवा प्रदाता कंपनी का चयन किया गया था। फ्लाई बिग कंपनी को विमान सेवा प्रदाता कंपनी के रूप में चयनित किया गया है।

### 65 मिनट में तय होगी लखनऊ की दूरी

मुरादाबाद से लखनऊ तक की विमान के माध्यम से दूरी मात्र 65 मिनट में तय हो सकेगी। इससे जनप्रतिनिधि, निर्यातक, अधिकारी व व्यापारियों को सहूलियत मिल सकेगी।



"अभी लोकसभा चुनाव के चलते हवाई अड्डे से विमान सेवा शुरू होने की कई औपचारिकता का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। यहां पर ईंधन स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। अन्य कुछ औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद ही विमान सेवा शुरू हो सकती है। अभी इसमें समय लगेगा।

–गुलाब चंद, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, नोडल, हवाई अड्डा

# गंगा के किनारों पर तटबंध बनवाए सरकार

### भाकियू की मंडलीय बैठक में किसानों की समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा हुई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन की मंडल स्तरीय बैठक शनिवार को निरीक्षण भवन में हुई। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की रणनीति तैयार की गई।

मंडलीय पंचायत की अध्यक्षता जिला संरक्षक बिजनौर के विजय पाल सिंह और संचालन जिला संगठन मंत्री राधेश्याम ने की। किसानों ने समस्याओं पर चर्चा करते हुए मांग कि पूरे मंडल के पांचों जनपदों के किसानों की सूख चुकी फसल का मुआयना कराकर मुआवजा दिलाया जाए। मंडल में छुट्टा पशुओं द्वारा तबाह की गई फसलों का मुआवजा मिले। छुट्टा पशुओं को गोशाला में भिजवाया जाए।

गुलदार के हमलों में घायल किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। इसकी अधिकारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है। गंगा व अन्य नदियों के संपर्क की भूमि के अधिकार क्षेत्र को जल प्रलय से बचने के लिए तटबंध बनवाया जाए। मंडल में बिगड़ी विद्युत व्यवस्था को सही कराया जाए। मंडल में बकायादार चीनी मिलों से तुरंत भुगतान कराया जाए। निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी करने वाले स्कूलों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। जनपद संभल में बिजली व सहकारिता विभाग को मुरादाबाद से हटकर संभल ट्रांसफर कराया जाए। इस दौरान डॉ. चरण सिंह, राहुल यादव, मनोज चौधरी, पंकज चौधरी, अजय पाल सिंह, चौधरी यशपाल सिंह, श्याम विजय सिंह, नरेश प्रताप सिंह, रामवीर, डॉ. नौ सिंह, श्याम विजय सिंह, नरेश प्रताप सिंह आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहें।



निरीक्षण भवन में किसानों की मंडलीय बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी। ● अमृत विचार

- **निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी का भी बैठक में उठा मुद्दा**

## स्वास्थ्य शिविर में 270 मरीजों का परीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर के एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सेंटर फॉर साइट आंखों का अस्पताल के तहत शनिवार को बुध बाजार स्थित श्री दुर्गा भवन मंदिर में 126वां निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण जांच शिविर आयोजित हुआ।

इसमें मुख्य अतिथि एमसीटी एंड एचआरसी के चेयरमैन सुभाष चंद्र ढल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. हरजीत सिंह, जनरल मैनेजर एवं फाइनेंस लीगल के अनुराग शंकर मिश्रा द्वारा शिविर की शुरूआत की गई। शिविर में 270 मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र परिक्षण किया गया। जिसमें से 68 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरण एवं 96 मरीज निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किए गए। समस्त मरीजों के ऑपरेशन निःशुल्क मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर की ओर से सेंटर फॉर साइट के माध्यम से कराए जायेंगे। इस मौके पर जनरल फिजिशियन डॉ. शुएब, सेंटर फॉर साइट मार्केटिंग विभाग से कुमार, होम मेडिकेयर से चेतन विश्नोई, लव प्रीत शामिल रहे।

## नगर निगम प्रशासन ने दिया हिंदू कॉलेज प्रबंधन को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

"नोटिस की जानकारी है। फिलहाल मैं शहर से बाहर हूं। नोटिस का जवाब दिया जाएगा।

–डॉ. एसएस रावत, प्राचार्य, हिंदू कालेज

**अमृत विचार** : महानगर के हिंदू कॉलेज परिसर में भरे गंदे पानी से संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने कॉलेज प्रशासन को नोटिस जारी किया है। तीन दिन में जवाब न मिलने पर जुर्माना व अन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है।

मीडिया में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील दोहरे ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक के साथ कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। इसमें पाया कि बुध बाजार मार्ग पर हिंदू कॉलेज के बाहर नाला, नाली या सीवर का पानी सड़क पर नहीं भरा है। बल्कि महाविद्यालय परिसर में सीवर का पानी भरने से गंदगी पाई गई। उन्होंने बताया कि इसके निस्तारण की जिम्मेदारी परिसर के स्वामी की है। नगर निगम सार्वजनिक स्थानों सड़क, गली, पार्क आदि की सफाई कराता है। महाविद्यालय परिसर में गंदा पानी भरा होने से डेंगू, मलेरिया, कालाजार आदि संक्रामक बीमारियों के छात्रों व आसपास के लोगों को होने की आंशका है। परिसर में दो मैनहोल भी खुले हैं। इसको देखते हुए नगर निगम मुरादाबाद ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि के अन्तर्गत कॉलेज प्रशासन को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

वहीं कॉलेज पर नगर निगम का गृहकर व जलकर का वित्तीय वर्ष 2023-24 का 50 लाख 11 हजार 255 रुपये भी बकाया है। इसको लेकर भी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की ओर से नोटिस जारी कर इसे जमा कराने के लिए कहा गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील दोहरे ने बताया कि निरीक्षण किया है। गंदगी व सीवर का पानी जमा है, इसकी निकासी कॉलेज प्रशासन व प्रबंधन को करानी है। नगर निगम की इसमें कोई भूमिका नहीं है। नोटिस दिया गया है, तीन दिन में संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# रंगदारी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : पाकबड़ा पुलिस ने डॉ. अतीकुर्रहमान और उनके बेटे को फोन पर जान से मार देने की धमकी देकर 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले तीसरे अभियुक्त जैद पुत्र फुरसत अली को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को ये सफलता घटना की एफआईआर दर्ज होने के 102 दिन बाद मिल पाई है। अभियुक्त जैद अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र के जोया कस्बे में चौधरियान मोहल्ले का रहने वाला है। इसके अन्य तीन साथी शाहरुख, जुनैद और जीशान एफआईआर दर्ज होने के दूसरे दिन 17 जनवरी 2024 को ही गिरफ्तार हो गए थे। लेकिन, जैद पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। दरोगा कुलदीप सिंह ने बताया कि जैद की गिरफ्तारी के लिए काफी प्रयास किया गया। रंगदारी मांगने के घटनाक्रम में शामिल सभी चारों आरोपी अब जेल में हैं।

चारों आरोपियों ने फोन कॉल एवं व्हाट्सएप मैसेज के जरिये चिकित्सक एवं उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। बदले में 25 लाख रुपये मांगे थे। दिल्ली रोड स्थित खैरुलनिशा मंजिल निवासी डॉ. अतीकुर्रहमान का पाकबड़ा कस्बे में ही कैलसा रोड पर अस्पताल है। चिकित्सक को फोन कॉल एवं व्हाट्सएप मैसेज से दो दिन से लगातार धमकियां मिल रही थीं। उन्होंने पुलिस को बताया था कि फोन कॉल एवं व्हाट्सएप मैसेज पर धमकियां मिल रही हैं। आरोपी कह रहे हैं कि वह उन्हें और उनके बेटे को जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़ित चिकित्सक की ओर से अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

### शाहरुख, जुनैद, जीशान से खुला था राज

17 जनवरी को गिरफ्तार हुए शाहरुख, जुनैद व जीशान ने पुलिस के सामने पूरे घटनाक्रम का राज खोला था। इनमें मुख्य अभियुक्त शाहरुख था। यह संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के रतुपुरा गांव का निवासी है। इसके अन्य साथी जुनैद और इसके भाई जीशान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर चुकी है। जुनैद व जीशान पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मालीपुर के रहने वाले हैं। ये दोनों भाई सेनैटरी के कारोबारी भी हैं। इन लोगों ने बताया था कि डॉ. अतिकुर्रहमान से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने की योजना शाहरुख ने काफी समय पहले बना ली थी। डॉक्टर के यहां शाहरुख ने अपने पिता अनवर अली का इलाज कराया था। इस दौरान उसने डॉक्टर से रुपये वसूलने की योजना बना ली थी। उसने अपने मित्र जुनैद और इसके भाई जीशान से मिलकर योजना को अंजाम देने का प्रयास किया था।

## 11 लाख रुपये नहीं मिले तो बरात लाने से इनकार

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : दहेज में 11 लाख रुपये एडवांस नहीं मिलने पर बेटी की बरात नहीं आई। ऐसे में उसके पिता ने मैनाठेर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़ित पक्ष ने बताया कि बेटी का रिश्ता जफरुद्दीन के बेटे मोहम्मद तसलीम से तय किया था। 29 अप्रैल को दिल्ली से उनके गांव जटपुरा में बारात आनी थी। लेकिन इससे पहले बेटी की ससुराल वालों ने फोन कर उनसे 11 लाख रुपये नकद मांग कर दी थी और चेताया भी था कि यदि ये रुपये नहीं मिलेंगे तो वह तय तिथि पर बारात लेकर नहीं आएंगे। पीड़ित के पिता ने मैनाठेर थाने में मामला दर्ज कराया है। इसमें युवती के पिता ने आठ लोगों पर एफआईआर दर्ज करा दी है। इनमें जफरुद्दीन व इनकी पत्नी हसीना, बेटी तवस्सुम और बेटे तसलीम, पप्पू, बब्लू, रिजवान, अफजाल हैं। सभी दिल्ली के खजूरी खास के निवासी हैं।

# युवकों ने महिलाओं से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : शनिवार दोपहर 12 बजे जिला कारागार के सामने मार्ग पर प्राचीन शिव मंदिर के पास पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में महिलाओं की आपस में बहस हो रही थी। महिलाएं एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही थीं। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी महिलाओं को समझा रहे थे। उनके न समझने पर उन्हें थाने लाने की बात कह रहे थे। पुलिसकर्मियों ने मौके पर ही मामले में दोनों पक्षों का समझौता करा दिया।

एक महिला चंचल ने बताया कि वह बंगला गांव की रहने वाली है। वह अपनी छोटी बहन सोनम के साथ ई-रिक्शा से फ्रीज बदलने बाजार जा रही थी। इस दौरान पीली कोठी के पास से जिला कारागार तक के बीच रास्ते पर उनके ई-रिक्शा के कभी पीछे तो कभी आगे एक कार चल रही थी, जो बार-बार साइड मार रही थी। जिला कारागार के पास आकर ई-रिक्शा सवार दोनों बहनों ने सड़क पर उतरकर उस कार को रोक लिया और ढंग से चलाने की नसीहत देने लगीं। तभी कार से बाहर आए युवक ने गाली-गलौज करते हुए चंचल की बहन सोनम को चांटा मार दिया। इस दौरान बात बढ़ गई और मारपीट हो गई। मारपीट में सोनम के हाथ पर नाखून के निशान लग गए। कार में तीन युवक सवार थे। चंचल का कहना है कि तीनों नशे में थे। बताया कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के कहने पर आरोपी युवक ने माफी मांग ली थी, इसलिए उन्होंने थाने में कोई तहरीर न देकर उस आरोपी को माफ कर दिया था। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।



जेल रोड पर हंगामा करती महिलाएं। ● अमृत विचार

## एक्सपोर्ट व्यापारी पर हमला, मामला दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : फैक्ट्री से घर लौट रहे एक्सपोर्ट व्यापारी पर रास्ते में हमले का मामला सामने आया है। प्रकरण में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में एफआईआर भी दर्ज हो गई है।

पीड़ित पक्ष के अमित कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह कांठ रोड पर मोरा मुस्तकम के रहने वाले हैं। वह पिछले मंगलवार शाम 6:30 बजे के दौरान कंपनी बजीर चंद्र प्राइवेट लिमिटेड से घर की ओर बाइक से लौट रहे थे। रास्ते में क्रिस्ट हॉस्पिटल के मोड़ पर पहुंचे तो युवकों ने दो बाइकें आगे लगाकर उन्हें रोक लिया। इस दौरान पीछे से आए कुछ लोगों ने उनके सिर पर वार कर दिया। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मारपीट के आरोप में मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

**मिनी आईपीएल** | शुभ ने लिए चार विकेट, दूसरे मैच में रुक्मिणी के लिए हितेश ने जड़ा दोहरा शतक

# सनराइजर्स ने डेक्कन को सात विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : एमपीएस क्रिकेट मैदान में चल रही मिनी आईपीएल लीग में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में सनराइजर्स ने शुभ के चार विकेट के दम पर डेक्कन को एकतरफा मैच में सात विकेट से हराया। दूसरे मैच में रुक्मिणी ने स्टार्स को 254 रनों से रौंद दिया। टीम के लिए हितेश ने दोहरा शतक लगाया।

पहला मैच बीएफएफ डेक्कन चार्जर्स और सनराइजर्स एसीए के बीच खेला गया। इसमें डेक्कन चार्जर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, कप्तान का यह फैसला सनराइजर्स की गेंदबाजी के सामना गलत साबित हुआ। टीम 17.3 ओवर में 54 रनों पर आलआउट हो गई। टीम के लिए वीर प्रताप सिंह ने 14 और मोहम्मद असद ने 12 रनों का योगदान दिया। वहीं, सनराइजर्स के लिए शुभ ने चार, अथर्व और आदर्श राज ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में सनराइजर्स ने यह लक्ष्य 9.2 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम के लिए तुषार वर्मा ने 24 रन बनाए। शुभ को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच रुक्मिणी स्ट्राइकर्स और सीएई स्टार्स के बीच खेला गया। रुक्मिणी ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार्स के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में एक विकेट के नुकसान 402 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए हितेश ने 81 गेंदों पर दोहरा शतक लगाते हुए 201 रन बनाए। वहीं अमोग जिंदल ने 178 रनों की पारी खेली। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार्स टीम 30 ओवर में 6 विकेट खोकर 148 रन ही बना पाई और मैच 254 रनों से हार गई।

टीम के लिए नवीन प्रताप सिंह ने 56 रन बनाए। रुक्मिणी के लिए चिराग ने चार विकेट लिए। हितेश को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, साउद आलम, नासिर हुसैन, रोहित आदि मौजूद रहे।



मैच के बाद खुशी जताते रुक्मिणी स्ट्राइकर्स के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## हृदय को स्वच्छ और निर्मल बनाएं: शुक्ल

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : अमरोहा गेट स्थित श्रीकृष्ण जी महाराज विराजमान मंदिर में चल रहे 40वें श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में कथा व्यास पंडित भैयालाल शुक्ल ने हृदय को स्वच्छ और निर्मल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि सांसारिक विषय भोगों के साथ प्रभु का स्मरण करना आवश्यक है। ईश्वर की भक्ति में दिखावा, दंभ और पाखंड नहीं होना चाहिए। मुख्य यजमान सारंग अग्रवाल, मोनिशा अग्रवाल रहे। मंदिर के कार्यवाहक प्रबंधक मुकेश रस्तोगी ने बताया रविवार को कथा में रुक्मिणि विवाह होगा। व्यवस्था में मनोज कुमार, बबीता रस्तोगी, दिनेश कुमार रस्तोगी, कुलदीप रस्तोगी, डॉ. मनोज रस्तोगी, मालती रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, राकेश रस्तोगी, ओम प्रकाश, सत्येंद्र रस्तोगी, कमल रस्तोगी, मधु रस्तोगी, परिधि रस्तोगी रहीं।



नीब करौरी आश्रम में तृतीय वार्षिक उत्सव में भजन संध्या में महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# हनुमान जी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : नीब करौरी आश्रम ग्राम सब्जीपुर पाकबड़ा में चल रहे वार्षिकोत्सव में शनिवार को पं. राजकुमार गोस्वामी ने सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

गायक जयदक्ष अमरोही के द्वारा भजन गाए गए । उनके गाए मंगल भवन अमंगल हारी.... छम छम नाचे देखो वीर हनुमान, नमस्ते दुआ सलाम का नहीं, जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं, कभी-कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े जाना था गंगा पार प्रभु केवट की नाव चढ़े आदि भजनों पर श्रद्धालु झूमने लगे। महानगर के मशहूर कलाकार अरुण तिलकधारी की ओर से राम दरबार व हनुमान जी की झांकियां प्रस्तुत की गईं। इस दौरान विभोर कुमार गुप्ता लोहिया, राकेश कुमार गुप्ता, देवेंद्र सिंह बिष्ट, विनीत गुप्ता, गौरव अग्रवाल, विकास गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, पं. पुष्पराज, परीश सक्सेना, हरिओम गुप्ता, शुभम भारद्वाज रहे।

## एक नजर

### दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**छजलैट, अमृत विचार :** लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए एक मोटरसाइकिल चालक ने दूसरी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास भेजा गया है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम तेलीपुरा खालसा निवासी बलबीर सिंह पुत्र शिवचरण सिंह 25 अप्रैल को प्रातः 10 बजे भीकनपुर से अपनी बाइक से गांव जा रहा था। भीकनपुर ब्लॉक के सामने छजलैट की तरफ से जा रही मोटरसाइकिल गांव का ही फैजान चला रहा था।

### बीमारी से कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बिचौला निवासी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राहत अली अंसारी की लीवर की बीमरी से मौत हो गई। गांव बिचौला कुंदरकी निवासी राहत अली अंसारी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष थे। उनका काफी समय से लीवर का इलाज चल रहा था। शुक्रवार रात उनकी तबीयत खराब थी, मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उनकी मौत हो गई। करीब एक माह पहले उनके पिता रिहासत हुसैन (62) की भी बीमारी से मौत हुई थी, जबकि दादा नन्हे हुसैन की तीन माह पहले बीमारी से मौत हुई थी। तीन माह में परिवार में तीन मौतों से गम का माहौल है। राहत अली की पत्नी शाइस्ता फरहत का बुरा हाल है। ब्लॉक अध्यक्ष के चार बेटी व दो बेटे हैं, वह टेलर का काम करते थे। विधायक मोहम्मद फहीम इरफान, हाजी मोहम्मद उस्मान के अलावा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी उनके घर सांत्वना देने के लिए पहुंचे।

### पेट्रोल पंप पर सेल्समेन को पीटा, छीने 50,000

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव जालपुर में एसके पेट्रोल पंप के पास जमकर बवाल हुआ। मारपीट भी हुई। घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फुटेज भी वायरल हो गए हैं। इस मामले में सचेंद्र कुमार ने पांच नामजद समेत 30 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें शराफत हुसैन, शेर अली, शमशाद, दिलशाद और सहादत नामजद हुए हैं जबकि, 20-25 लोगों को अज्ञात में आरोपी बनाया गया है। सचेंद्र ने पुलिस को बताया है कि शुक्रवार को आरोपी शेर अली उनके पेट्रोल पंप पर आया था और पेट्रोल लिया। सेल्समैन अशोक को पैसे भी नहीं दिए, उन्हें थप्पड़ों से मारा और 50000 रुपये लूट लिए।

# मुख्यमंत्री धामी ने सर्वेश सिंह को दी श्रद्धांजलि

## रतुपुरा पहुंचकर बोले, मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानता हूं, जो कभी न तो थके और न ही झुके

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को दिवंगत पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के आवास पर पहुंचकर श्रदांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर पुष्पमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाकर जहां सर्वेश सिंह के सामाजिक व्यक्तित्व की प्रशंसा की, वहीं दुख की घड़ी में भाजपा परिवार का उनके साथ खडे.होने का अहसास कराया।

दिवंगत सर्वेश सिंह के पैतृक गांव रतुपुरा पहुंचने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हेलीकॉप्टर से काशीपुर ठाकुरद्वारा मार्ग पर दो प्रदेशों की सीमा पर स्थित सूर्य रोशनी लिमिटेड फैक्ट्री में बने हेलीपैड पर उतरे। उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के भारी सुरक्षाबलों की मौजूदगी में कार से स्वर्गीय सर्वेश सिंह के आवास पर पहुंचे। उनके साथ उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री अशोक कटारिया भी थे। सबसे पहले पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद शोकाकुल परिजनों व रिश्तेदारों और समर्थकों के बीच कुछ समय बैठे। परिजनों के रोने पर मौन तोड़कर मुख्यमंत्री बोले उन्हें यादकर रोना नहीं चाहिए, बल्कि उनके व्यक्तित्व से जीवन जीना सीखना चाहिए। जो कभी न तो थके और न ही झुके। करीब 35 मिनट परिवार के सदस्यों के बीच संवेदना व्यक्त करने के बाद मुख्यमंत्री ने विधायक सुशांत सिंह के साथ घर के अंदर परिवार के सदस्यों के साथ वार्ता की। जहां पर सर्वेश सिंह की धर्म पत्नी साधना सिंह, पुत्री सोनाली सिंह, पुत्र वधु सोनम सिंह, समधी संजीव कौशल, संजय सिंह, राहुल प्रताप को ढांढस बंधाया। कहा कि दुख की घड़ी में वे खुद को अकेला नहीं समझें।


**रतूपुरा जाने वाले मार्गों पर वाहनों को रोका :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने रतूपुरा में प्रवेश करने वाले मार्गों पर वाहनों की आवाजाही को रोक दिया। ठाकुरद्वरा, शरीफ नगर, करनपुर से रतूपुरा की तरफ जाने वाले वाहनों को नहीं जाने दिया। दूसरी तरफ रतुपुरा में बाबू रामपाल सिंह द्वार से लेकर आवास तक बैरिकेडिंग कर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।



मुख्यमंत्री धामी ने रतुपुरा पहुंचकर सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि।



दिवंगत कुंवर सर्वेश सिंह के पुत्र विधायक सुशांत सिंह को ढाढस बंधाते धामी।



श्रद्धांजलि देते पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत।

### पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा।** दिवंगत लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की आवास पर शनिवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। उन्होंने सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शोकाकुल परिजनों और घनिष्ठ संबंधियों के बीच बैठकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि सर्वेश सिंह हमेशा उन्हें बड़ा भाई कहकर संबोधित करते थे मैं अपना छोटा भाई मानता था।

# राहुल ने हमेशा भगवान राम के अस्तित्व को नकारा: धामी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के आवास के निकट खड़े पत्रकारों के पास पहुंचकर कहा कि कांग्रेस समेत राहुल गांधी ने हमेशा भगवान राम के अस्तित्व को नकारा है। निमंत्रण के बावजूद राहुल गांधी भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं गए। अब चुनाव के समय नामांकन से पूर्व अयोध्या भी जाएंगे। मंदिर जाकर पूजा भी कर रहे हैं। कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री देखना चाहती है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को तहसील के ग्राम रतूपुरा में दिवंगत पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राहुल गांधी हों या प्रियंका गांधी या फिर उनकी पार्टी के अन्य लोग हों, सब लोग जानते हैं, उन्होंने हमेशा राम मंदिर बनने का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया है। भगवान राम और रामसेतु के अस्तित्व को नहीं माना है। निमंत्रण देने के बाद भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अयोध्या नहीं पहुंचे। अब चुनाव को देखकर रंग बदल रहे हैं। देश की जनता देख रही है कि उन्होंने किस प्रकार सनातन परंपराओं और भगवान राम का विरोध किया है। अब चुनाव का समय आने पर राहुल गांधी समेत कांग्रेस के लोग जनेऊ पहनकर मंदिर जा रहे हैं। पूजापाठ भी कर रहे हैं। उनके क्रिया कलापों का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर काशीपुर के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा भी थे। साथ ही इस अवसर पर पूर्व प्रधान राकेश सिंह, चंद्रपाल सिंह, ट्विंकल चौहान, प्रधान नितिन कुमार पाटू, प्रधान महेश सिंह आदि थे।

### रतुपुरा में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

ठाकुरद्वारा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर चप्पा-चप्पा पर पुलिस फोर्स तैनात रही। जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर मार्ग को सील कर दिया गया था।

# दंपती और पुत्री के साथ मारपीट चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** पति, पत्नी व पुत्री के साथ मारपीट के मामले में थाना कांठ पुलिस ने चार लोगों को विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम छज्जा नंगला निवासी यशपाल सिंह पुत्र शिवचरन सिंह ने थाना छजलैट में दी गई तहरीर में अवगत कराया कि 26 अप्रैल की सुबह बजे वह एवं उनकी पत्नी अपने खेत पर गेहूं की कटाई कर रहे थे। उनकी पुत्री उनके लिए चाय लेकर आई तो उनका भाई शीशपाल सिंह, ऋषभ एवं उसकी पत्नियां बबीता व ममता मेरी पुत्री को गालियां देने लगी एवं मारपीट करने लगी। बचाने का प्रयास करने पर मुझे भी मारने पीटने लगे।

जिससे पत्नी व पुत्री के चोट आयी हैं। पीड़ित ने थाना कांठ में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। थाना छजलैट पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मिशन प्रेरणा व कायाकल्प को लेकर शिक्षकों संग की बैठक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शिक्षा को और अधिक बेहतर बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया। नगर के बीआरसी पर खंड शिक्षा अधिकारी वीगिश सिंह गोयल द्वारा नवीन शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए नवीन नामांकन, टाइम एंड मोशन, विद्यालय कायाकल्प, उपचारात्मक शिक्षण, सड़क सुरक्षा सप्ताह आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए समीक्षा की। समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ को योजना से परिचित कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी वीगिश सिंह गोयल ने कहा कि आज के बच्चे कल देश का भविष्य हैं। इसके लिए हमें अपने काम को बेहतर तरीके से अंजाम देना है।

# डंपर व कार की टक्कर में मजदूर की मौत

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर एक बार फिर से तेज रफ्तार कार ने एक मजदूर की जान ले ली। पता चला है कि शनिवार की सुबह मजदूर घर से घास लेने के लिए जंगल को जा रहा था तभी कुंदरकी की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर और कार की भिड़ंत हो गई। जिसकी चपेट में मजदूर आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी कुंदरकी लेकर पहुंचे, जहां पर उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो कि दो दिन पहले भी इसी मार्ग पर दो युवक अपनी जान गवां चुके हैं।



जानकारी के अनुसार बदलू उम्र 65 वर्ष पुत्र खुरशेद निवासी ग्राम कुलवाड़ा थाना कुंदरकी समय करीब सुबह 8:30 बजे घर से पशुओं का चारा लेने के लिए जंगल को जा रहा था। जैसे ही वह घर से निकलकर हाईवे पर पहुंचा तो वहां पर अचानक तेज रफ्तार डंपर और कार की भिड़ंत हो गई। जिसकी चपेट में वहां से गुजर रहा मजदूर बदलू आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम वासियों ने दोनों ही वाहन चालकों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

डंपर चालक मुस्तफा पुत्र मुजफ्फर निवासी बेरखेड़ा चक थाना भगतपुर ने बताया कि वह थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर खास से रेत उतार कर मुरादाबाद की ओर वापस जा रहा था। रास्ते में यह हादसा हो गया जबकि कार चालक राशिद पुत्र कफील अहमद निवासी धामपुर क्षेत्र के अनुसार वह धामपुर से परचून का सामान लेकर चंदौसी को जा रहा था। एक्सीडेंट में कार चालक राशिद भी घायल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



मृतक बदलू के घर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में मौजूद बच्चे और शिक्षिका।

### एसएमएस पब्लिक स्कूल में हुईं प्रतियोगिताएं

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के स्टेशन रोड स्थित मनमोहन शर्मा वैद्य जी पब्लिक स्कूल में बच्चों की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता हुई। शनिवार को कक्षा एक से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों की अंग्रेजी में निबंध लेखन, कक्षा छह से आठ तक पत्र लेखन प्रतियोगिता हुई। विद्यालय के प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज एवं निदेशक अभिषेक भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए प्रतियोगिताओं का होना आवश्यक है। निबंध एवं पत्र प्रतियोगिता में अर्चना शर्मा, ऋतु शुक्ला, अनुपम, रजनी, सोनिया चंद्र, शताक्षी, रश्मि, दिव्या यादव, विनीत आदि अध्यापकों का योगदान रहा।

### हस्सान ने जामिया में प्रवेश पाकर नाम किया रोशन



**कुंदरकी, अमृत विचार :** डींगरपुर स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में हस्सान रजा पुत्र गुलाम मोहम्मद कक्षा-8 का छात्र था। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में उसका चयनित हुआ है। उसने स्कूल व परिजनों का नाम रोशन किया है। उसने कक्षा 9 में प्रवेश के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली में परीक्षा दी थी। बताया गया कि छात्र हस्सान राजा ने परीक्षा में मुस्लिम श्रेणी में शीर्ष सातवीं रैंक हासिल की। इस उपलक्ष्य में स्कूल द्वारा एक सभा का आयोजन कर छात्र को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार यह छात्र नर्सरी से ही इंडियन पब्लिक स्कूल में पढ़ रहा था। स्कूल के स्टाफ के अनुसार वह एक मेधावी और प्रतिभाशाली छात्र है। उसने पाठ्येतर गतिविधियों में भी अपनी भागीदारी दिखाई थी। इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल ने उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।




छात्र-छात्राओं को लू से बचाव के लिए जागरूक करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को लू से बचाव के लिए किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय राजीपुर खद्दर में तापमान में अत्यधिक वृद्धि और लू से बचाव के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र विश्नोई ने कहा कि घर से बाहर जाते समय शरीर को ढककर रखें और हल्के रंग के आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय छाता और आंखों पर धूप का चश्मा लगाएं, तापमान में लगातार बृद्धि हो रही है, हर आधे या एक घंटे पर पानी पीते रहें। लस्सी, नीबू पानी, नारियल पानी आदि का सेवन करें। उन्होंने कहा कि नंगे पैर, बदन धूप में जाने से बचें। अत्यधिक प्रोटीन युक्त भोजन व बासी भोजन का सेवन न करें। चाय, कॉफी, साफ्ट ड्रिंक आदि का अधिक सेवन न करें। अरुण कुमार सहायक अध्यापक ने बताया कि अगर लू लगने की आशंका है तो तत्काल चिकित्सक को दिखाएं। इस दौरान पुनीत कुमार, शिवानी वशिष्ठ, बबीता सैनी, दीपक सरोज देवी, हीरो देवी आदि उपस्थित रहे।

### देवरानी संग रंगरेलियां मनाने के विरोध पर पत्नी को पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** देवरानी के साथ रंगरेलियां मनाने का विरोध करने पर पति ने अपनी पत्नी को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही गला घोटकर हत्या करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी पति जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर पति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गांव रामनगर खागूवाला निवासी विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरा पति दबंग किस्म का है। शुक्रवार रात्रि 11:00 बजे उसने अपने पति को देवरानी के साथ रंगरेलियां मनाते रंगे हाथों पकड़ लिया। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे बुरे तरह से लाठी डंडों से मारा पीटा। गला घोटकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। आए दिन गाली गलौज व मारपीट करता रहता है। उसने अपने परिजनों से शिकायत की थी। परिजनों ने पति को समझाया तो भी वह नहीं माना। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि आरोपी पति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

### हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी सम्मानित

**बिलारी, अमृत विचार :** कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में गौतम यादव निवासी ग्राम शाहपुर ने 90.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में डौली सैनी ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटरमीडिएट में विद्यालय टॉप किया। इंटरमीडिएट में राजीव पुत्र मुरारीलाल ने द्वितीय, ववित‍ा पुत्री ध्यान सिंह ने तृतीय, चांदनी पुत्री भानुप्रताप ने चतुर्थ व पंकज ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में गौतम ने प्रथम रहे।

# गोशाला में भूसा उपलब्ध कराएं प्रधान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** एसडीएम ने ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की एक बैठक बृहद गौ संरक्षण केंद्र, गोशाला सादकपुर खिचड़ी में आयोजित की। इसमें सभी ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को केयरटेकर सहित सफाई व्यवस्था एवं गोवंश के लिए खल, चोकर, हरा चारा, भूसे की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक गोशाला को 10 ग्राम पंचायत से जोड़ा गया है। इन 10 ग्राम पंचायत के प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव अपनी-अपनी गौशाला की जिम्मेदारी संभालें। किसी तरह की कोई समस्या गोवंश को नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास ग्राम समाज की भूमि है और वह उसे खाली नहीं कर रहा है तो तत्काल उक्त भूमि पर हरे चारे की बुवाई करवाएं। जहां ग्राम समाज की भूमि में गेहूं खड़े हैं उन लोगों से भूसा लेकर गोशाला पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव लगातार केयरटेकर भेज कर गोवंश पशुओं को हरा चारा, खल, चोकर, पीने के लिए पानी यह सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं। क्षेत्र के जो गेहूं बोने वाले बड़े किसान हैं, उन्हें प्रेरित कर उनसे भूसा दान लें। एसडीएम ने कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं केयरटेकर उपस्थित रहे।



बैठक में ग्राम प्रधानों को निर्देश देते एसडीएम। ● अमृत विचार

**जिम्मेदारी**

● ग्राम समाज की भूमि पर हरा चारा बुवाएं जिम्मेदार

# सार्वजनिक शौचालयों पर लटके ताले, परेशानी

**अमृत विचार, कांठ :** नगर में मुख्य स्थानों पर नगर पंचायत द्वारा महिलाओं के लिए बने हुए शौचालयों पर ताले लटक रहे हैं। शौच एवं लघु शंका के लिए महिलाओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है।

कांठ शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप तहसील के समीप पुराने रोडवेज, मान नगर आदि स्थानों पर नगर पंचायत द्वारा तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्षों द्वारा महिलाओं हेतु शौचालय बनाए गए हैं। इनमें से अनेक शौचालय के बाहर रैक भी टूट चुके हैं।

शौचालयों में पानी की व्यवस्था नहीं है। शौचालय पर सफाई नायक का नाम, मोबाइल नंबर, शौचालय खुलने व बंद होने का समय भी अंकित है। महिला यात्री या किसी सवारी से जाने की प्रतीक्षा में खड़ी महिला शौच व लघु शंका के लिए किधर जाएं।

# तहसील बार सचिव से अभद्रता पर अधिवक्ताओं ने की हड़ताल

● सिपाहियों पर कार्रवाई न होने पर बार एसोसिएशन आंदोलित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन की आपात बैठक में बार के सचिव के साथ सिपाहियों द्वारा की गई अभद्रता के मामले में अधिवक्ताओं ने बैठक कर हड़ताल की घोषणा कर दी। अदालतों में बेमियादी न्यायिक कार्य स्थगित करने से वादकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर, कांठ व ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन ने भी तहसील बार एसोसिएशन को समर्थन दिया है।

शनिवार को तहसील बार एसोसिएशन की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 24 अप्रैल को बार के सचिव विनय कुमार सिंह के साथ दो सिपाही नीरज कुमार व अतुल चौधरी ने मनकुला गांव में खेत पर पानी लगाने के दौरान अभद्रता की थी, अपमानित करके धक्का देकर गिराया और झूठे मुकदमे में फसाने की भी धमकी दी। गुस्साए अधिवक्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार से भी शिकायत की थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। दोनों सिपाहियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर तहसील बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मुरादाबाद की दी बार एसोसिएशन के नेतृत्व में एसएसपी मुरादाबाद से मिलेगा। सिपाहियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके निलंबन किए जाने की मांग को लेकर सोमवार से अदालतों में बेमियादी हड़ताल रखने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अध्यक्ष आफाक हुसैन, सचिव विनय कुमार सिंह के साथ ही भगवान सरन माथुर आदि रहे।

# धोखाधड़ी में महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी कर महिला से 4 लाख रुपये लेकर 53 गज का आबादी का प्लॉट दूसरे के नाम का फर्जी तरीके से बेचकर, बैनामा करा दिया। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर किया है।

थाना कांठ पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी है। थाना कांठ के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी दीपा पत्नी रामावतार ने कर्ज लेकर 4 लाख रुपये में 53 गज का एक आबादी का प्लॉट 6 दिसंबर 2021 को आरती पत्नी मुकेश से खरीदा था। गाटा संख्या 236 में आबादी का प्लाट भी वह किसी दूसरे व्यक्ति के नाम है। आरती, उसके पति मुकेश, ससुर बलवंत, दीपक, मोनू पांचो लोगों ने षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी करके रुपये लेने के बाद बैनामा रजिस्ट्री करा दी और आज तक उक्त प्लाट की भूमि पर कब्जा नहीं दिया है। क्योंकि वह आबादी की भूमि आरती के नाम नहीं है। धोखाधड़ी करके प्लाट बेचने के मामले में जब थाना कांठ पुलिस आइजीआरएस पोर्टल जनसुनवाई आदि पोर्टल पर शिकायत की। कोई कार्रवाई नहीं हुई तो इसके बाद दीपा पत्नी रामावतार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर धोखाधड़ी कर फर्जी बैनामा कराने और 4 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए सभी पांचों लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने की मांग की थी।

**तैयारी** भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 10 मई को परंपरागत ढंग से निकाली जाएगी

# ब्राह्मण महासभा ने शुरू किया गांव-गांव जनसंपर्क

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा आधा दर्जन ग्रामों में भ्रमण कर जनसंपर्क किया गया।

शनिवार को ग्राम दुम्हेल्ला, अहमदपुर निगु नंगला आदि में भगवान परशुराम जन्मोत्सव से संबंधित समस्त कार्यक्रमों के लिए ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ, युवा, बच्चे और गणमान्य लोगों से संपर्क किया गया। यहां समाज के लोगों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भावेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 10 मई को प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी परंपरागत ढंग से निकाली जाएगी।



जनसपर्क करते ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

इससे पूर्व 8 मई को पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला मोहल्ला विशनपुरा में कार्यक्रम शुरू होगा। 8 मई को सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक समाज की महिला पुरुष प्रभात फेरी निकालकर भगवान परशुराम का प्रचार-प्रसार करेंगे। उसके बाद सुबह 10:00 बजे से भगवान हनुमान जी की प्रसन्नता के लिए सुंदरकांड का पाठ वीरेंद्र शर्मा ग्राम पापड़ी की टीम के द्वारा किया जाएगा। यहां आरती और प्रसाद वितरण के बाद बच्चों की भगवान परशुराम एवं भारतीय सनातन संस्कृति के संबंध में एक परीक्षा आयोजित की जाएगी। देर शाम लगभग छह बजे से हरिद्वार के प्रसिद्ध भजन गायक पंडित राहुल शर्मा की टीम द्वारा भजन संध्या का सुंदर और भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 मई को सुबह 6 से 8 प्रभात फेरी के बाद 10:00 बजे से गायक कलाकार द्वारा भगवान परशुराम से संबंधित भजन होंगे, जबकि उसके बाद एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। इसी क्रम में अन्य समाज के लोगों को भी भगवान परशुराम के संबंध में अवगत कराने के लिए एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। 10 मई को सुबह धार्मिक आयोजन शुरू होंगे। भगवान परशुराम का वैदिक मंत्र उपचार के साथ पूजन किया जाएगा। इस दौरान सत्येंद्र शर्मा, तपेंद्र शर्मा, केशव शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, अजय भारद्वाज, सुशील शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, सोमेश कुमार शर्मा, शिव ओम शर्मा, योगेश शर्मा, रतेश शर्मा, अनिल आदि रहे।

## एक नजर

### सड़क की खोदाई होने से हो रहे हैं हादसे

**संभल, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां ने एसडीएम को पत्र देकर कहा कि चौधरी सराय से हयातनगर तक तीन स्थानों पर सड़क खोदकर पाइप दबाया गया है। लाडम सराय और हयातनगर बिजलीघर के पास गहरी नाली होने से हादसे हो रहे हैं। इन समस्याओं के साथ ही हयातनगर में पुलिया को भी सुचारू रूप से चालू कराने की मांग उठाई है। कहा कि पुलिया चालू नहीं होने से जाम लगता है और लोगों को परेशानी होती है।

### एसपी रेलवे ने जीआरपी थाना का किया निरीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला ने शनिवार को जीआरपी थाना चन्दौसी का वार्षिक निरीक्षण किया। सबसे पहले गार्द ने सलामी दी। तदोपरांत पुलिस अधीक्षक ने थाना के अभिलेखों को चेक किया। जवानों से शस्त्रों की हैंडलिंग कराई। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला मुख्य आरक्षी से महिला हेल्प डेस्क व मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी की। जवानों का सम्मेलन लिया गया। जिसमें जवानों से समस्याओं के बारे में पूछा गया। कोई समस्या नहीं बताई गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए ड्यूटी को सतर्कता से करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

### बैंक में चोरी के 20 दिन बाद भी नहीं पकड़े गए बदमाश

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में लाखों रुपये की चोरी होने के मामले का 20 दिन बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। हालांकि पुलिस की कई टीमें जुटी हैं लेकिन बदमाश हत्थे नहीं लगे हैं। थाना क्षेत्र के गांव देहपा में संभल हसनपुर मार्ग के किनारे स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में सात अप्रैल की रात नकाबपोश बदमाश खिड़की तोड़कर घुसे थे। बदमाश स्ट्रांग रूम की दीवार काटकर अलमारी से कैश बॉक्स सहित चार लाख रुपये से अधिक नकदी लेकर भाग गए थे। सीसीटीवी कैमरे में वारदात को अंजाम देकर एक बाइक पर तीन लोग जाते दिखाई दिए थे। पुलिस ने चोरी होने के अगले दिन कैश बॉक्स बैंक से 200 मीटर की दूरी से बरामद किया था। इस मामले की जांच में जुटी पुलिस टीमें चार दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इसके बाद भी पुलिस बदमाशों तक नहीं पहुंच सकी है।

# कार्मिकों को ईवीएम की तकनीकी जानकारी दी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के गैरहाजिर रहने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

**चुनाव की तैयारी**

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराने को लेकर लगे मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण के प्रथम दिन ईवीएम और वीवीपैट की तकनीकी जानकारी दी गई। वहीं निर्वाचन आयोग के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। चुनाव प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) ने निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों को निष्पक्षता व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराए जाने के निर्देश दिए।

एंग्लोवैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण में पहले दिन मतदान कार्मिक अपने-अपने कक्ष में पहुंचे। जहां मास्टर ट्रेनर ने उन्हें मतदान के दिन आने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं ईवीएम की तकनीकी जानकारी दी। मॉक पोल के दौरान बैलेट यूनिट अगर खराब हो जाए तब क्या करना है क्या नहीं करना है इसे लेकर भी जानकारी दी। मास्टर ट्रेनरों ने मतदान कार्मिकों को मतदान के समय क्या करना है और क्या नहीं करना है इसे लेकर भी विस्तार से बताया। इस दौरान सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीआईओएस वेदराम, भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह, बीएसए चंद्रशेखर समेत अधिकारी मौजूद रहे।



प्रशिक्षण स्थल पर ईवीएम की तकनीकी जानकारी लेते मतदान कार्मिक।

### प्रथम दिन 21 मतदान कार्मिक रहे गैरहाजिर

**बहजोई, अमृत विचार :** प्रथम दिन 960 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था। दो पालियों में यह प्रशिक्षण होना था। दोनों पालियों में 26 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ भरत कुमार मिश्रा को निर्देश दिए कि जो मतदान कार्मिक प्रशिक्षण से गैर हाजिर रहते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अंतिम दिन तक हाजिर नहीं होने वाले मतदान कार्मिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाए।

### चुनाव प्रेक्षक व डीईओ ने निरीक्षण कर दिए टिप्स

**बहजोई, अमृत विचार :** चुनाव प्रेक्षक अमित कुमार व जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) मनीष बंसल निरीक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने एक-एक कक्ष में जाकर निरीक्षण किया। मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि प्रत्येक कक्ष में जाकर मतदान कार्मिकों की उपस्थिति ली जाए। मतदान कार्मिक अच्छे से प्रशिक्षण लें जिससे चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शिता से संपन्न हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में संबंधित हैंडबुक का अच्छे से अध्ययन करें। मॉक पोल के दौरान बैलेट यूनिट अगर खराब हो तो उस समय क्या करने है इसकी जानकारी दी।

### 9:45 बजे प्रशिक्षण स्थल का द्वार बंद कर दिए जाएगा

**बहजोई, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशिक्षण सुबह 9 :30 बजे प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचें। 9 :45 बजे प्रशिक्षण स्थल का द्वार बंद कर दिए जाएगा। जो लोग उपस्थित नहीं होंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली में निर्धारित समय 1 : 30 बजे तक उपस्थित होने का है। 1 : 45 तक प्रशिक्षण स्थल के द्वार बंद कर दिए जाएंगे। समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप



टॉपर छात्राओं को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### हाईस्कूल और इंटर की टॉपर छात्राओं को किया सम्मानित

**संभल, अमृत विचार :** नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटर की टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कड़ी मेहनत करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रबंधिका नूरीन फैज ने हाईस्कूल की टॉपर रीबा हुसैन और इंटर की टॉपर अनम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने अन्य छात्राओं का भी उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या रफत जहां ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर गुरुजनों और अभिभावकों का नाम रोशन करें। कॉलेज संयोजक सईद अख्तर इसराईली ने टॉपर छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह कड़ी मेहनत और लगन से शिक्षा प्राप्त करती रहें। शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं का नाम रोशन किया जाए। इस दौरान शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद रहीं।



श्रीमद भागवत कथा सुनतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया

**संभल, अमृत विचार :** श्रीमद भागवत चरित्र सेवा समिति के तत्वावधान में हो रही श्रीमद भागवत कथा में आचार्य गोपाल भैया ने श्रीकृष्ण रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। बीच में कई भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। कथा वाचक आचार्य गोपाल भैया ने श्रीकृष्ण रुकमणि विवाह के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने उद्धव गोपी संवाद भी सुनाया। कहा कि मनुष्य को जीवन में सदैव अच्छे कर्म करते हुए दूसरों के प्रति भी अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। जिससे व्यक्ति के चरित्र का निर्माण होता है। श्रीमद भागवत कथा सुनने से व्यक्ति को ज्ञान की प्राप्ति होती है और वह सत्कर्म की ओर बढ़ने लगता है। इस बीच कथा वाचक ने कई भजन सुनाए तो श्रद्धालु भी झूमते रहे। इस दौरान कथा के मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार गुप्ता एडवोकेट, सुषमा गुप्ता, विवेकशील अग्रवाल, सपना अग्रवाल, मुख्य यजमान कपिल सिंघल, मीनाक्षी सिंघल, मुनीश गुप्ता डिम्पल, अनीता गुप्ता, राहुल गुप्ता, सुजाता गुप्ता, विकास गुप्ता, निशा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मंदिर में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री सत्यनारायण मंदिर में शनिवार की शाम गोरक्षा सेवा समिति की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सर्वप्रथम समिति के पदाधिकारियों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ देवी देवताओं का आह्वान कर पूजन कराया। तदोपरांत सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। हे दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार पवन सुत बिनती बारंबार, मंगल मूरति राम दुलारे आन पड़ा अब तेरे द्वारे, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में आदि एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान श्री राम और हनुमान जी के जयकारे भी गूंजते रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर दिलीप भगतजी, मोहित मिश्रा, शिवानी चौधरी, शिवओम पाठक, गुलशन अरोरा, सुनीति शर्मा, गुंजन शर्मा, शारदा, कैलाशो, प्रतीक, आशुतोष दुबे, विश्वास दुबे, भास्कर दुबे, जितेंद्र शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा आदि रहे।

# चुनाव में वाहन उपलब्ध नहीं कराया तो की जाएगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को तामील कराए अधिग्रहण आदेश**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में परिवहन विभाग द्वारा अधिग्रहीत किए जाने वाले वाहन को निर्धारित तिथि पर समय से उपलब्ध नहीं कराना महंगा पड़ेगा। संबंधित वाहन स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही एक वर्ष का कारावास और अर्थदंड लगाने की कार्रवाई होगी।

परिवहन विभाग ने लोकसभा चुनाव कराने के लिए संभल जिले में वाहनों को अधिग्रहित करने को लेकर आदेश तामील करा दिए हैं। इस कार्य में पुलिस विभाग का भी सहयोग लिया गया है। हल्के वाहनों को चार मई को और भारी वाहनों को पांच मई को समय से प्रस्तुत करना है। एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जारी अधिग्रहण आदेश में दिए निर्देशों का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में धारा-167 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अधीन दंड का प्रावधान है। अगर कोई व्यक्ति वाहन उपलब्ध नहीं कराते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1751 की धारा 160 के अंतर्गत दिए गए आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही एक वर्ष का कारावास एवं अर्थदंड के तहत कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि वाहन स्वामी निर्धारित तिथि और समय पर वाहन की मरम्मत कराते हुए उपलब्ध कराएंगे। वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी होना चाहिए।

## नारद को वानर रुप देकर भगवान ने तोड़ा अहंकार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गीता सत्संग भवन में श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भगवान विष्णु ने नारद जी को वानर रुप देकर उनका अहंकार तोड़ा आदि प्रसंग सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

कथा वाचक वीरेश रामायणी ने नारद मोह प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भगवान विष्णु ने नारद जी का अहंकार नारद को वानर रुप देकर चूर किया। जिससे भगवान विष्णु को नारद ने श्राप दे दिया कि वह भी अपनी पत्नी के विछोह में दर-दर भटकेंगे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, शरद अग्रवाल, भारती अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, जयशंकर दुबे, उमेश सराफ, प्रदीप अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, रमेश अधीर, प्रमोद अग्रवाल, अखिलेश शास्त्री, हरिशंकर अग्रवाल आदि रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम कमिशनिंग का कार्य शुरू

संवाददाता, बहजोई

● **डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर स्ट्रांग रूम पर ईवीएम की कमिशनिंग का काम कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के बीच शुरू हो गया। उप निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में प्रत्याशियों के नाम व सिंबल को लोड किया। चुनाव प्रेक्षक व डीएम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

संभल लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर संभल जिले में आने वाली विधानसभा असमोली, संभल, चंदौसी, बिलारी और बदायूं की गुन्नौर के मतदान केंद्रों पर चुनाव कराने के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग का कार्य सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के बीच प्रारंभ हुआ। जहां पर केवल कमिशनिंग कार्य से ही जुड़े कार्मिकों को कड़ी तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। मोबाइल भी प्रतिबंध रहा। कार्मिकों ने ईवीएम में प्रत्याशी का नाम व सिंबल को लोड करने का काम किया तो वहीं पूरी सुरक्षा के साथ ईवीएम को रखा गया।

कमिशनिंग के कार्य का निरीक्षण करने चुनाव प्रेक्षक अमित कुमार व डीएम मनीष बंसल पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों के अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि केवल कार्मिकों को ही अंदर प्रवेश किया जाए। मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# फोटोग्राफर पर दुल्हन से छेड़छाड़ का आरोप, मारपीट

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **तीन लोग घायल, दूल्हा पक्ष ने पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार**

**अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में जयमाला कार्यक्रम की वीडियो बना रहे फोटोग्राफर पर दुल्हन से छेड़छाड़ का आरोप लगाकर मारपीट की गई। जिसमें फोटोग्राफर सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दूल्हा पक्ष ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

मुरादाबाद जिले के एक गांव का युवक शुक्रवार को शाम नखासा थाना क्षेत्र के गांव में युवती से शादी के लिए बरात लेकर पहुंचा। दूल्हा बरातियों के साथ बरात चढ़ाते हुए देर रात दो बजे जयमाला के लिए पंडाल में पहुंचा। सज-धजकर दुल्हन भी जयमाला दूल्हे के गले में डालने के लिए स्टेज पर पहुंच गई। बरात में आए दो फोटोग्राफर फोटो ले रहे थे और कैमरे से वीडियो बना रहे थे।

स्टेज के पास खड़े दुल्हन पक्ष के लोगों ने फोटोग्राफरों को पकड़ लिया और दुल्हन के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया। इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि बरातियों व घरातियों के बीच भी जमकर लात घूसे चले। जिसमें दो फोटोग्राफर सहित तीन लोग चोटिल हो गए। शादी में मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। समझा-बुझाकर दोनों पक्षों को शांत कराया। जिसके बाद दूल्हा पक्ष के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।



बीएसएफ अधिकारियों और जवानों के साथ सीओ अनुज कुमार चौधरी। ● अमृत विचार

# लोस चुनाव कराने के लिए संभल पहुंचीं बीएसएफ की छह कंपनियां

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए शनिवार को बीएसएफ की छह कंपनी पहुंच गईं। सीओ ने बीएसएफ अधिकारियों और जवानों का स्वागत किया। सीओ ने बीएसएफ के अधिकारियों को जानकारी देते हुए चर्चा भी की। लोकसभा चुनाव को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को बीएसएफ की छह कंपनी संभल पहुंचीं। चौधरी सराय पुलिस चौकी पर सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार ने बीएसएफ के अधिकारियों और जवानों का स्वागत किया। संभल के बारे में जानकारी दी। इस बात को लेकर भी चर्चा की कि बीएसएफ जवानों को कहां-कहां तैनात किया जाना है। जिसके बाद बीएसएफ जवानों को शहर के शंकर इंटर कॉलेज, एमजीएम कॉलेज के अलावा कुछ वैंक्वेट हाल में भी ठहराया गया।

### सादात क्लब ने जीता सेमीफाइनल मैच

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** जवाहर लाल मैमोरियल इंटर कॉलेज सिरसी के मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट सेमीफाइनल में सादात क्लब ने जैन क्लब को 2 रनों से हराकर फाइनल मैच में जगह बनाई। चार विकेट लेने पर सादात क्लब के गेंदबाज ऑन अब्बास को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। नगर पंचायत सिरसी में स्थित जवाहर लाल मैमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को सादात क्लब व जैन क्लब के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें सादात क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 167 रन बनाए। जिसमें खिलाड़ी शबी ने सबसे अधिक 69 रन बनाए और जैन क्लब के गेंदबाज आशू ने तीन विकेट लिए। जैन क्लब की टीम 20 ओवरों में 165 रनों पर ही सिमट गई। जिससे सादात क्लब ने 2 रनों से मैच जीतकर फाइनल में जगह पक्की की। जैन क्लब की ओर से साहिल ने सबसे अधिक 47 रन बनाए तो सादात क्लब की ओर से ऑन अब्बास ने 4 विकेट लिए।

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 161/2022
संजू
बनाम
मौ0 रिहान खान
पुत्र श्री मौहम्मद अहमद निवासी फ्लेट न0- 5 सी, द्वितीय तल, पावर हाउस के पास जिगर कालौनी मुरादाबाद

श्री संजू ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 06.05.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 117/2022
कमला देवी
बनाम
मौ0 रिहान खान
पुत्र श्री मौहम्मद अहमद निवासी फ्लेट न0- 5 सी, द्वितीय तल, पावर हाउस के पास जिगर कालौनी मुरादाबाद

श्रीमति कमला देवी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 06.05.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

**प्रारूप सी-1**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)
(पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)
**अभ्यर्थी का नाम और पताः** जियाउर्रहमान
**राजनैतिक दल का नामः** समाजवादी पार्टी
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)
**निर्वाचन का नामः** लोकसभा
**निर्वाचन क्षेत्र का नामः** 08 सम्भल
मैं जियाउर्रहमान (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (लों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) चन्दौसी | केस नं.- 1241/24 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 171 एच आई.पी.सी. |
| 2 | जे.एम. सम्भल | केस नं.- 276/24 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 126, लोक जन प्रति. अधि. 188, 269, 270 आई.पी.सी. |
| 3 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 30512/23 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 271 एच., 51 (बी.), 3 |
| 4 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 12364/23 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 3, 51 (बी.) |
| 5 | एम.पी./एम.एल.ए. कोर्ट मुरादाबाद | केस नं.- 45522/22 | विचाराधीन | अंतर्गत धारा 188, 269, 270, 3, 51 (बी.) |
| 6 | पुलिस स्टेशन हजरत नगर गढी जिला मुरादाबाद | केस नं.- 27/22 | विचाराधीन | ———— |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरापित दण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**जनमत** अमृत विचार ने भूड़ इलाके में सौंधन मोहम्मदपुर क्षेत्र के मतदाताओं से की बातचीत

# युवाओं को रोजगार दिलाने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आने पर शहर ही नहीं बल्कि देहात क्षेत्र के लोग भी विभिन्न मुद्दे उठा रहे हैं। अमृत विचार ने भूड़ इलाके में सौंधन मोहम्मदपुर क्षेत्र के मतदाताओं से सांसद कैसा होना चाहिए को लेकर बातचीत की तो उन्होंने बेबाक तरीके से अपनी बात रखी। कहा कि क्षेत्र में विकास होना चाहिए और युवाओं को रोजगार के लिए उद्योग लगने चाहिए। जिसके बाद युवाओं को नौकरी के लिए दूसरे शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। क्षेत्र में शिक्षा के लिए इंटर कॉलेज बनेंगे तो सहूलियत होगी। सांसद ऐसा होना चाहिए तो बेहद ईमानदार हो और क्षेत्र में विकास एवं जन समस्याओं का समाधान कराने की तरफ ध्यान दे।



जिले में उद्योग लगाए जाने चाहिए। जिससे बेरोजगारी पर अंकुश लग सके। आज का पढ़ा लिखा युवा नौकरी नहीं मिलने से दूसरे शहरों को जा रहे हैं। सरकारी संस्थानों में जो पद रिक्त पड़े हैं उन पर भर्ती की जाए।

**-जितेंद्र सम्राट, सौंधन**



सांसद ऐसा होना चाहिए जो विकास कराने के साथ युवाओं को रोजगार दिलाने का काम करे। सरकारी इंटर कॉलेज का निर्माण कराए। शिक्षा क्षेत्र में विकास होने से युवाओं को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

**-विजयपाल यादव, भमौरी पट्टी**



सांसद का ईमानदार होना बेहद जरूरी है। क्षेत्र में विकास की जरूरत है। रोजगार मिलेगा तो युवाओं को बाहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अभी हालात सही नहीं हैं। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

**-शिवनारायण यादव, सौंधन**



सांसद ऐसा होना चाहिए जो जनता की बात सुने। लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहा। लोकतंत्र के महापर्व में किसानों की बात सुनने वाले और विकास के मुद्दे को लेकर वोट किया जाएगा।

**-टीटू अग्रवाल, सौंधन**

## अश्लील हरकतें कर रहे युवक की धुनाई कर पुलिस को सौंपा

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में घर के आगे खड़े होकर अश्लील हरकतें कर रहे युवक की युवती के परिजनों ने धुनाई कर दी और थाने ले जाकर युवक पुलिस को सौंप दिया। युवती के परिजनों ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का पड़ोस के गांव में आना जाना था। युवक जब भी गांव में जाता, एक ग्रामीण के दरवाजे पर खड़े होकर उसकी बेटी की ओर अश्लील हरकतें करता था। जिसकी शिकायत युवती ने कई बार अपने परिजनों से की लेकिन युवक उनके हाथ नहीं आ रहा था। शनिवार की दोपहर बाद युवक ग्रामीण के घर पहुंचकर दरवाजे के आगे खड़ा हो गया। उस समय युवती के परिजन घर के अंदर मौजूद थे।

जैसे ही युवक ने युवती की ओर अश्लील इशारे किए तो युवती के परिजनों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। पकड़ने के बाद युवती के परिजनों ने जमकर लात घूसों से युवक की धुनाई कर दी। जिसके बाद युवती के परिजनों ने थाने ले जाकर युवक पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि युवती के परिजनों ने अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाकर तहरीर दी है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### 30 से होंगी स्नातक सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और मिड टर्म परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और मिड टर्म परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीवक कुमार के मुताबिक बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी गृह विज्ञान और बीबीए सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और मिड टर्म 30 अप्रैल से 30 मई तक होंगी। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### लू से बचाव के लिए भी सतर्क करेगा डाक विभाग

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय डाक विभाग के बरेली मंडल में तैनात डाकिये अब लोगों को लू से बचाव के प्रति भी जागरूक करेंगे। इसके लिए डाकियों को प्रचार-प्रसार सामाग्री उपलब्ध कराई गई है। विभागीय अधिकारियों ने इसकी कार्ययोजना तैयार की है। तैयारी पूरी हो चुकी है, जिसे सोमवार से लागू किया जाएगा।

## टाटा 407 ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना के नजदीक आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर गद्दे से भरी टाटा 407 ने बाइक को ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा निवासी आसिफ पुत्र शमसुद्दीन शनिवार की सुबह जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी में रिश्तेदार के घर शादी में गया था। शाम को युवक बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। शाम 4.45 बजे जब बाइक सवार आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर थाना बनियाठेर के नजदीक पहुंचा तो पीछे से आ रही गद्दे से भरी टाटा 407 ने ओवरटेक करते समय बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

## 19 हाइड्रेंटों में छह खराब, आग की बड़ी घटना हुई तो सब कुछ होगा भगवान भरोसे

# अग्निशमन की एक गाड़ी के सहारे पूरा शहर

**श्याम मिश्रा, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** शहर व आसपास क्षेत्र में आग से निपटने की जिम्मेदारी अग्निशमन विभाग की है। मगर विभाग के पास मात्र 2500 लीटर का एक फायर वाहन है। इसके सहारे दमकल पूरे क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाले हुए है। वहीं विभाग कम स्टाफ से भी जूझ रहा है। अगर आग की बड़ी घटना होती है, तो सब कुछ भगवान भरोसे होगा। वहीं शहर में बने 19 हाइड्रेंटों में छह खराब हैं।

यहां अग्निशमन विभाग का कार्यालय मंडी समिति के निकट गुमथल रोड पर है। चन्दौसी कोतवाली, थाना कुढ़फतेहगढ़ व बनियाठेर क्षेत्र में आग बुझाने की जिम्मेदारी अग्निशमन विभाग की है। मगर विभाग के पास आग बुझाने के संसाधन काफी कम हैं। इतने बड़े क्षेत्र के लिए विभाग के पास



अग्निशमन विभाग का फायर वाहन।

मात्र एक 2500 ली. पानी ले जाने वाला फायर वाहन है। जबकि 26 सिपाही के सापेक्ष मात्र 20 सिपाही ही अग्निशमन के पास हैं। जिसमें चार सिपाही बहजोई में तैनात हैं। मात्र 16 सिपाहियों के कंधों पर तीन-तीन थानों का दायित्व संभालना पड़ रहा है। छोटी घटना के लिए तो एक फायर वाहन से काम चल सकता है। मगर शहर व आसपास देहात क्षेत्र में आग की बड़ी घटना होती है, तो एक फायर वाहन से आग पर काबू पाना बेहद कठिन होगा। जबकि अन्य वाहनों को आसपास से आने में समय लगेगा।

### रेलवे फाटक बंद होने पर होती है परेशानी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अग्निशमन विभाग कार्यालय मंडी समिति परिसर के गुमथल मार्ग पर है। शहर में आने के लिए मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक से निकलना पड़ता है। अगर शहर में कही आग लग जाती है और रेलवे फाटक बंद मिलता है, तो परेशानी बढ़ सकती है। फायर वाहन को दस किलोमीटर घूमकर न्यू बाईपास से होकर घटनास्थल पर पहुंचना होगा।

### कुछ हाइड्रेंट तो गलियों में बने हैं और दब गए हैं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहर में अग्निशमन के 16 हाइड्रेंट बने हैं। जिसमें वर्तमान में छह खराब पड़े हैं। मात्र 13 हाइडेंट सही है। जबकि कुछ हाइडेंट तो गलियों में बने हैं और दब गए हैं। जिससे घटना के समय इन्हें ढूंढने में दमकल कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि कंपनी बाग के बाहर बने हाइडेंट से अन्य एक कनेक्शन जोड़ दिया गया है। जिससे हाईडेंट का प्रेशर काफी कम हो गया है। जिससे फायर वाहन में पानी लेने के लिए अधिक समय लगता है।

> मुख्यालय को एक फायर वाहन की डिमांड व स्टाफ की मांग की गई है। शीघ्र ही फायर वाहन के साथ-साथ स्टाफ भी मिल जाएगा। वैसे अगर कोई आग की घटना होती है, तो हमारे पास जो स्टाफ है, वह पर्याप्त है। **-केके ओझा, सीएफओ, संभल**

अग्निशमन विभाग का 2500 ली. का दूसरा फायर वाहन बहजोई में है। जिस पर चार दमकल कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है। कुल मिलाकर बड़ा क्षेत्र होने के बाद भी आग बुझाने के संसाधन बहुत कम हैं।

## सार संक्षेप



छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### छात्राओं के नाक, कान, गले का किया परीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ चांद-सी चंदौसी ने शनिवार को कैथल गेट स्थित अक्रूजी कन्या पाठशाला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं और शिक्षिकाओं के कान, नाक, गले का परीक्षण करवाया गया। डॉ. हिमांशु वार्ष्णेय ने परीक्षण के बाद दवाई लिखी तथा इलाज के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि यह सभी अंग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उनकी बीमारी का इलाज समय पर हो जाए तो अच्छा रहता है। अन्यथा आगे चलकर परेशानी हो सकती है। इस अवसर पर स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, उषा वार्ष्णेय, सीमा वर्मा, अध्यक्ष डॉ. नीरज चौधरी, सचिव वीना वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, दुर्गेश पाल, प्रियांशी चौधरी, शशि वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, डॉ. सोनल वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहीं।



कॉलेज में मतदान की शपथ दिलाती संगीता भार्गव। ● अमृत विचार

### मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 1090 डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर में संगीता भार्गव ने शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत छात्रों को सात मई को मतदान के महापर्व में हिस्सा लेकर मतदान करने व पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कक्षा नौ से 12 तक छात्रों को जिम्मेदारी की गई कि वह अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखे और निर्भीक होकर बिना किसी भेदभाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। छात्र अपने प्रत्येक परिवार के सदस्य से मत का प्रयोग अवश्य करवाएं। इस दौरान प्रधानाचार्य सुषमा शर्मा, अनु रस्तोगी, प्रभु दयाल, विवेक उपाध्याय, विनोद चौहान, अजय शर्मा, धनंजय आदि मौजूद रहे।



कैंडल मार्च निकाल कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### अंधेरे में रहने को मजबूर सौ से अधिक परिवार

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव ढकनगला में पांच दिन पूर्व आई आंधी से विद्युत लाइन का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे 100 से अधिक घरों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। विभाग ने समस्या का समाधान नहीं कराया है। शनिवार को ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के विरुद्ध कैंडल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। गांव की बिजली व्यवस्था सुचारु कराए जाने की मांग की है। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव ढकनगला में आंधी के चलते गांव में लगा विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे गांव के 100 से अधिक घरों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चौपट हो गई। लोगों ने कई बार विभाग से समस्या के समाधान की मांग की। मगर शनिवार तक समस्या का समाधान नहीं होने हो सका। शनिवार की शाम ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकालकर विद्युत विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद याकूब, संतोष कुमार, दानवीर, मोहम्मद सलीम, आलम हुसैन, नरेश, अमन चौधरी, जैतून, आमना, बेगम, मुन्नी, मिथलेश यादव, आफताब आदि मौजूद रहे।

# आम के बाग में पेड़ पर फंदे से लटका मिला ग्रामीण का शव

## 14 वर्ष से पत्नी के मायके में रहने की वजह से ग्रामीण दिमागी रूप से था परेशान

**कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी**

**अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में आम के बाग में शीशम के पेड़ पर ग्रामीण का शव रस्सी के फंदे पर लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर साक्ष्य जुटाए। बताया जाता है कि 14 वर्ष से पत्नी के मायके में रहने की वजह से ग्रामीण दिमागी रूप से परेशान था।

थाना क्षेत्र के गांव अटोरा निवासी ग्रामीण शनिवार को खेत में काम करने के लिए जंगल की ओर जा रहे थे। ग्रामीण जैसे ही अट्टा अटोरा आश्रम के पास स्थित आम के बाग में पहुंचे तो शीशम के पेड़ पर बंधी रस्सी के फंदे से ग्रामीण का शव लटका दिखाई दिया। फंदे पर शव लटका होने की सूचना मिलने पर आसपास के तमाम ग्रामीण पहुंच गए। पुलिस और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने फंदा खोलकर शव नीचे उतरवाया। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के गांव बटौआ निवासी कृपाल (45 वर्ष) के रूप में हुई। सूचना मिलने रोते बिलखते परिजन मौके पर आ गए। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि कृपाल की पत्नी पिछले 14 वर्ष से किसी बात से नाराज होकर अपने मायके में जाकर रहने लगी थी। इसी बात से कृपाल मानसिक रूप से परेशान रहता था और नशे का आदी हो गया था। मृतक कृपाल के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

### कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक गंभीर घायल

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई आ रहे ई रिक्शा में कार ने टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस 108 ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। चंदौसी कोतवाली के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग निवासी मुनेंद्र पुत्र मोहन ई रिक्शा से बहजोई आ रहा था। जैसे ही वह चंदौसी बहजोई मार्ग स्थित गांव लहरावन के निकट पहुंचा तो चंदौसी की ओर से आ रही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक मुनेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से चिकित्सक ने उसे गंभीर हालत बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## खंदक में पलटा ट्रैक्टर चालक की जान गई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बिलारी-आसफपुर मार्ग पर बिचेटा चौराहा के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क किनारे खंदक में पलट गया। जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई। चालक जनपद अमरोहा के थाना रजबपुर निवासी बताया जा रहा है। युवक ट्रैक्टर खरीदने व बेचने का कार्य करता था।



अमरोहा जनपद के थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी मुकीम 36 वर्ष पुत्र खुर्शीद ट्रैक्टर खरीदने व बेचने का कार्य करते हैं। शनिवार की शाम साढ़े सात बजे मुकीम ट्रैक्टर खरीदने के बाद थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिलारी-आसफपुर मार्ग से अपने घर जा रहे थे। जब ट्रैक्टर चालक थाना क्षेत्र के बिचेटा चौराहा के नजदीक दूध के प्लांट के पास पहुंचा तो ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने के बाद खंदक में जा गिरा। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मकान हड़पने के लिए कर दी बच्चे की गला रेत कर हत्या

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

- बच्चे की मां ने दर्ज कराई मौसा, मौसी व उनके पुत्र के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा धाम कॉलोनी में मकान को हड़पने के प्रयास में मौसेरी नानी-नाना व मौसेरे मामा ने छह वर्षीय बच्चे की ब्लेड से गला रेत कर हत्या कर दी। बच्चे की मां ने तीन लोगों के विरुद्ध कोतवाली में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जबकि पुलिस ने आरोपी किशोर को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर चुकी है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

दुर्गा धाम कॉलोनी निवासी वर्षा पत्नी स्व. धीरेंद्र सिंह अपने परनाना राज बल्लभ व परनानी राजवती के साथ रहती है। महिला के माता-पिता की मौत हो चुकी है। वर्षा के इकलौता पुत्र कुंज ही था। जो कक्षा दो का छात्र था। वर्षा के घर पर उसकी मौसी रविता, मौसा बलवीर व मौसेरा भाई आए हुए थे। 24 अप्रैल को वर्षा किसी कार्य से दिल्ली चली गई। आरोप है कि तीनों ने मिलकर शुक्रवार की सुबह 5.45 बजे उसके पुत्र की ब्लेड से गला रेतकर व सिर पर ईट के प्रहार से हत्या कर दी। महिला का आरोप है कि मौसा-मौसी उनके परनाना के मकान को हड़पना चाहते हैं। क्योंकि जब से वह अपने परनाना के पास रहने आई है, तब से ये लोग वर्षा व उसके पुत्र से रंजिश मानने लगे थे। परनाना मकान महिला वर्षा के पुत्र कुंज के नाम करना चाहते थे। इसी को लेकर तीनों ने मिलकर मासूम की हत्या कर दी। पुलिस ने वर्षा की तहरीर पर मौसी रविता, मौसा बलवीर व नाबालिग मौसेरे भाई के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी किशोर को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जबकि अन्य दो आरोपी की तलाश जारी है।

# दूसरे समुदाय के किशोरों ने नाबालिग से की छेड़छाड़

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- सीओ ने भी मौके पर पहुंचकर की जांच, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में बाजार से सब्जी लेकर घर जा रही किशोरी से मुहल्ले के ही दूसरे समुदाय के तीन किशोरों ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने एक किशोर को हिरासत में ले लिया और तहरीर मिलने पर एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। सीओ ने भी जांच पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी 15 वर्षीय किशोरी शुक्रवार को रात आठ बजे बाजार से सब्जी खरीदकर घर जा रही थी। मुहल्ले का ही दूसरे समुदाय का एक किशोर अपने दो साथियों के साथ रास्ते में खड़ा था। आरोप है कि किशोर ने पास पहुंचते ही किशोरी का हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद किशोर किशोरी से छेड़छाड़ करने लगे। किसी तरह से छूटकर किशोरी घर पहुंची और परिजनों को घटना बताई। जिससे गुस्साये एक समुदाय के लोग मौके पर पहुंचे और किशोर को पकड़ लिया जबकि किशोर के दो साथी भागने में कामयाब हो गए। किशोरी से छेड़छाड़ की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर को हिरासत में ले लिया। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने पर शनिवार को सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी मुहल्ले में पहुंचे। आसपास के लोगों व किशोरी के परिजनों से पूछताछ कर जांच की। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## 278 करोड़ की लागत से बनेंगे चार कॉलेज

**बदायूं, अमृत विचार :** जिले की दो तहसील क्षेत्रों में चार नए माध्यमिक के चार इंटर कॉलेज खोले जाएंगे। इनकी बिल्डिंग का निर्माण 278 करोड़ से अधिक की लागत से होगा। कॉलेजों को खोले जाने को लेकर विभाग द्वारा प्रस्ताव अब से चार वर्ष पूर्व प्रस्ताव भेजा गया था। जिसे अब जाकर मंजूरी मिल पाई है। चुनाव के बाद उनकी बिल्डिंग निर्माण के लिए विभाग को बजट मिलेगा। वर्ष 2019-20 के दौरान तत्कालीन डीआईओएस रहे राममूरत के द्वारा जिले की तहसील दातागंज क्षेत्र के गांव रौता, कटरा सहादतगंज और हजरतपुर के साथ ही सदर तहसील क्षेत्र के गांव कौआ नगला में इंटर कॉलेज खोले जाने का प्रस्ताव भेजा था। जिसे मंजूरी देते हुए शासन की ओर जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव मांग लिया। इसके बाद विभाग ने इन स्थानों पर जमीन चिन्हित कर एक कॉलेज की बिल्डिंग निर्माण के लिए 69.51 लाख का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया।

# पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** संभल में शनिवार देर रात पुलिस की पशु तस्करों के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल हुआ है। जबकि उसका दूसरा साथी कार में सवार होकर भागने में कामयाब हो गया।

अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र ने बताया कि संभल पुलिस को सूचना मिली थी कि फिरोजपुर गांव के जंगल में पशु तस्कर गोवंशीय पशु का वध कर मांस ले जाने की घटना को अंजाम देने वाले हैं। इस सूचना के बाद ही पुलिस फिरोजपुर गांव के आसपास सक्रिय थी। रात साढ़े दस बजे पुलिस को जंगल में कर सवार दो लोग दिखाई दिए तो उनकी घेराबंदी की गई। पुलिस कार सवारों के नजदीक पहुंच पाती इससे पहले ही उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने



गोली लगने से घायल बदमाश को लाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- मुठभेड़ में गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल, दूसरा फरार
- बदमाश को इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया

जवाब में गोली चलाई तो पुलिस की गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया। पुलिस ने घायल पशु तस्कर को दबोचा। इस बीच उसका दूसरा साथी कार में सवार होकर भागने में कामयाब हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बदमाश ने अपना नाम मोहसिन पुत्र भूरा निवासी मियां सराय थाना संभल बताया है। पुलिस उसके फरार साथी को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### परीक्षा में बेहोश हुई छात्रा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीकॉम षष्टम सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा के दौरान बीकॉम की छात्रा बेहोश हो गई। इसके बाद डॉ. विशाल को बुलाकर उपचार कराया गया। चीफ प्रॉक्टर ने बताया कि दो छात्राओं की तबीयत खराब हुई थी, इसमें एक बेहोश हो गई थी। तुरंत डॉक्टर को मौके पर भेजा गया था। एक छात्रा की सर्जरी हुई और दूसरे को टायफाइड है।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम नज़ीश बी से बदलकर नज़ीश बेगम (NAJISH BEGUM) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। नज़ीश बेगम पत्नी मोहम्मद उसमान निवासी ग्राम हाथीपुर चित्तू तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मनोज कुमार से बदलकर मनोज कुमार शर्मा (MANOJ KUMAR SHARMA) रख लिया है। भविष्य में मुझे मनोज कुमार शर्मा के नाम से ही जाना जाये। मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री शिवराम शर्मा निवासी हनुमान नगर, सी-63, गली नं0-03, लाइनपार, मुरादाबाद।

## एसपी ने पैदल मार्च कर देखे सुरक्षा इंतजाम

**संभल, अमृत विचार :** लोस चुनाव को लेकर एसपी ने शनिवार को देर शाम संभल में अधीनस्थ अधिकारियों और पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। एसपी ने कई प्वाइंटों पर सुरक्षा इंतजामों के बारे में जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। शनिवार को शाम से ही शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर पुलिस बल इकट्ठा होने लगा। जिसके बाद एसपी कुलदीप सिंह गुनावत भी पहुंच गए। एसपी ने पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ पैदल मार्च शुरू किया। शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से बाल विद्या मंदिर स्कूल, एजेंटी तिराहा, कटरा बाजार, हातिम सराय के रास्ते से बल्ले की पुलिया दीपा सराय होते हुए नखासा चौराहा तक पैदल मार्च हुआ। एसपी ने सुरक्षा इंतजामों को देखा और अधीनस्थ अधिकारियों से जानकारी ली। एसपी ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी श्रीश चंद्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार रहे।

# समझौते के बाद छह परिवारों का समाप्त कराया विवाद

**संवाददाता, बहजोई**

- पुलिस लाइन से हंसी-खुशी अपने घरों को रवाना हुए

**अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र में छोटी-छोटी बातों को लेकर हुए विवाद के कारण टूटे परिवारों को मिलाने का काम किया गया। जिसमें छह परिवारों ने अपना विवाद समझौते के आधार पर समाप्त कर लिया।

रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर शनिवार को छोटी-छोटी बातों को लेकर टूटे परिवारों का समझाया गया। काउंसलर ने समझाया कि जिन खुशियों के लिए परिवार बनाया जाता, वह खुशियां विवाद के कारण दूर हो जाती है। इसलिए पति पत्नी को आपसी सामंजस्य बनाकर रहना चाहिए और खुशियों के साथ जीना चाहिए। खुशियों के लिए परिवार बनाया गया था, यह बात छह परिवारों के समझ में आ गई। उन्होंने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर दिया। पुलिस लाइन से वह खुशी-खुशी अपने घरों को रवाना हुए। महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद ने बताया कि कुल 48 पत्रावली सुनकर 12 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। 6 परिवारों को मिलाया गया तथा 4 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने व आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद की गईं। दो पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। इस दौरान काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, कंचन महेश्वरी आदि का सहयोग रहा।

## बरेली सेंट्रल जेल लाया गया बाहुबली धनंजय सिंह

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वांचल के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह को शनिवार को जौनपुर जेल से बरेली सेंट्रल जेल में शनिवार को शिफ्ट कर दिया गया। जौनपुर से भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ बरेली पहुंचे पूर्व सांसद के पीछे दर्जनों समर्थक भी थे। यहां सेंट्रल जेल पर भी पहले से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। पूर्व सांसद को मीडिया कर्मियों से भी बातचीत नहीं करने दी गई।

नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक का अपहरण कर रंगदारी मांगने के केस में जौनपुर जिला न्यायालय ने धनंजय को छह मार्च को सात वर्ष की सजा सुनाई थी, तब से वह जेल में है। धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला जौनपुर से बसपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। कई लोगों ने जौनपुर जेल में रहते हुए धनंजय सिंह के चुनाव प्रभावित करने की आशंका जताई थी। इसके बाद धनंजय को जौनपुर से बरेली जेल में शिफ्ट कर दिया।

# मारपीट व पथराव में 4 लोग घायल

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में शुक्रवार की रात रंजिश को लेकर महिला सहित चार लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों पर पथराव करने का भी आरोप लगाया है। घायलों का उपचार सीएचसी में कराया है। जिसमें तीन की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना को लेकर तीन लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई है।

गांव कैथल निवासी मटरू लाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। जबकि उनके दो पुत्र इंद्रपाल व जितेंद्र परिवार के साथ मुंबई में रह कर कार्य करते हैं। वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव आए थे। शुक्रवार की रात आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर दोनों भाइयों का पड़ोसियों से विवाद हो गया। पड़ोसी लाठी-डंडे लेकर आए और इंद्रपाल के साथ मारपीट करने लगे। देवर को बचाने आई सीमा पत्नी जितेंद्र को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल कोतवाली पहुंचे और घटना की तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में कराया। सूचना पर घायल के बहनोई चंदू पुत्र दिलीप कुमार व उनका पुत्र सौरभ निवासी गांव करनपुर थाना उघैती जनपद बदायूं भी सीएचसी पहुंच गए। जब पीड़ित घर वापस पहुंचा, तो आरोपियों ने फिर हमला कर दिया। जिसमें चंदू व सौरभ भी घायल हो गए। आरोप है कि पड़ोसियों ने छत से पथराव भी किया। इसके बाद पीड़ित फिर कोतवाली पहुंचा। घायल पिता-पुत्र का उपचार सीएचसी में कराया। जहां इंद्रपाल, सीमा व चंदू की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

### महिला से मारपीट, गवाही न देने का बनाया दबाव

**चन्दौसी, अमृत विचार :** दुर्गा धाम कॉलोनी में बच्चे की मौत के बाद नया विवाद उत्पन्न होने लगा है। पीड़ित मां वर्षा ने पुत्र कुंज की हत्या को लेकर अपनी मौसी, मौसा व उनके पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा कोतवाली में पंजीकृत कराया है। महिला का आरोप है कि शनिवार की शाम पांच बजे वह परनाना के मकान में थी। तभी दो महिला व दो पुरुष पहुंचे और पीड़िता पर गवाही न देने की बात कहकर मारपीट की। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मगर जब तक आरोपी फरार हो गए। महिला ने पुलिस से कहा कि वह अपने परनाना के घर नहीं रहना चाहती, यहां उसे अपनी जान का खतरा है। पुत्र की मौत के घटनास्थल के पास ही एक मकान में पीड़ित महिला के रहने की व्यवस्था पुलिस की ओर से की गई है।

**सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज**
निकट मंडी समिति, हसनपुर, जिला अमरोहा

शिक्षको/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है

**P.G.T**

1. अंग्रेजी; 2. जीव विज्ञान
(संबंधित विषय में परास्नातक)

**अन्य विषय :** 1. कंप्यूटर शिक्षक, 2. संगीत शिक्षक, 3. खेल शिक्षक, 4. कार्यालय सहायक

**विशेष नोट :** इच्छुक आवेदक 11 मई 2024 तक अपना आवेदन पत्र एवं रिज्यूम उपरोक्त विद्यालय में जमा करें।

9457800690; 9897562620

